कविता प्रकाशन, बीकानेर

# मेरी कैफियत

'यादों की तीर्थयात्रा' यह नाम अपने में सब कुछ समेटे है। किसी स्पष्टीकरण की अपेक्षा उसे नहीं है। इनमें जिनकी यादों को हमने सहेजा है उनमें से अधिकांश हमारे श्रद्धास्पद रहे हैं। उनको याद करना तीर्थयात्रा करने जैसा ही है। इनमें कुछ ऐसे अग्रज भी हैं जिन्होंने हमारा मार्गदर्शन किया है। उनके प्रति भी हम नतमस्तक ही हो सकते हैं। कुछ व्यक्ति ऐसे भी हैं जो आयु में हमसे छोटे रहे हैं जैसे- सर्वश्री जगदीशचन्द्र माथुर और भवानीप्रसाद मिश्र। भवानी भाई पर लिखने का अवसर तब आया जब उनकी साहित्य साधना के लिए उन्हें अभिनन्दन ग्रन्थ भेंट किया गया। माथुर साहब की अकाल मृत्यु पर बिहार राष्ट्रभाषा परिषद ने 'परिषद पत्रिका' का स्मृति अंक निकाला था। उसी के लिए यह लेख हमने लिखा था। सच तो यह है कि अधिकांश लेख इसी रूप में लिखे गये हैं। शेष लेख उन व्यक्तियों के जीवनकाल में ही लिखे गए हैं। उनमें से पांच तो आज भी हमारे सौभाग्य से हमारे बीच में विद्यमान हैं।

यह सब बताने की आवश्यकता इसलिये पड़ी कि प्रायः ये सभी लेख विशेष परिस्थितियों में लिखे गये हैं, स्वतन्त्र रूप से उनका अध्ययन करने के लिए नहीं लिखे गये। फिर भी अध्ययन हुआ तो है ही यद्यपि दृष्टि शुभ और सुन्दर पर अधिक रही है। यूं भी कह सकते हैं कि हमने अपने-आपको इस बात का अधिकारी नहीं समझा कि हम अपने गुरुजनों की चीर फाड़ कर सकें।

प्रशंसा करनी हो या निन्दा, हम भारतवासी दोनों ओर विशेषणों का प्रयोग करने में बहुत उदार हैं, संतुलन और आत्म सम्वरण हमारे स्वभाव

मे नहीं है। हमम स अधिकाश यह भी मानत रहे हैं कि हम व्यक्ति के गुणा पर ही ध्यान देना उचित है, दोषान्वेषण नही करना चाहिए। वे व्यक्ति भी कम नही हैं जा दोषान्वेषण के प्रति ही अधिक उदार दिखाई देत हैं।

कमजारी मे कटकर कोई महान् नही होता' यह बात हम मानन का तैयार हो नही दीख पडते। एसी स्थिति मे यदि हम कहें कि हमारा सस्मरण, जीवनी और आत्म-कथा लेखन सही अर्थो मे वास्तविकता स कुछ दूर ही होता है तो अतिशयोक्ति नही होगी।

इस जटिलता के बावजूद हमन प्रयत्न किया है कि हम व्यक्ति के प्रति पूरी श्रद्धा रखते हुए भी उनकी सही पहचान करा सकें। यह प्रयत्न कितना और कहा तक सफल हो सका है, यह पाठक जानें।

हम तो उन सबके प्रति नतमस्तक हैं जिनके कारण यादा की यह तीर्थयात्रा सभव हो सकी।

८१८ कुण्डेवालान
अजमेरीगेट दिल्ली ६

—विष्णु प्रभाकर

१९८१

थी। उस 'अति उत्साह' की सज्ञा दी जा सकती है। यही उनकी सबसे बडी शक्ति थी और यही दुर्बलता भी जो उनके लिए शत्रु पैदा करती थी।

सन 1956 इ० म भारत मे भगवान् बुद्ध की 2500वी जन्म जयन्ती जिस उत्साह और जिस स्तर पर मनाइ गइ, उसकी तुलना खाज नही मिलेगी। एक तो भारत सरकार की कूटनीति थी पडोसी बौद्ध दशो को आकृष्ट करने की दूसरे तथागत के प्रति इस दश के बुद्धिजीवियो की अपनी आस्था भी कम नही थी। तीसरी सबसे बडी बात यह थी कि उस समय सूचना और प्रसारण मन्त्रालय का सचालन जिन व्यक्तियो के हाथो म था व सभी साहित्य और सस्कृति के जाने माने नाम थे। मन्त्री थे डा० केसकर सचिव थे मराठी के प्रसिद्ध विद्वान डॉ० लाड और आकाशवाणी के महानिदेशक थ स्व० जगदीशचन्द्र माथुर। उन सबकी कल्पना लोक म आकाशवाणी भारतीय सस्कृति के प्रचार प्रसार का सबल और साथक माध्यम थी जो कुछ भारतीय सस्कृति और साहित्य मे सर्वोत्तम है वही आकाशवाणी को प्रसारित करना है।

इस कल्पना को रूप दने के लिए कसी कसी योजनाए बनी। साहित्य समारोह सगीत समारोह नाटय समारोह, राष्ट्रीय कवि सम्मलन खुले प्रागण स कायक्रमो का प्रसारण, सीधे रगमच स नाटको का प्रसारण, आखो देखी सस्कृत म नाटको का प्रसारण इत्यादि इत्यादि। आकाशवाणी जस वातानुकूलित स्टुडियो स निकलकर खुले आकाश के नीचे, मुक्त प्रागण म आ गइ थी। कसी गहमागहमी थी उन दिनो! इसी गहमा गहमी का रूप बनने के लिए एक योजना अस्तित्व म आइ। वह थी प्रत्येक भाषा के प्रसिद्ध लेखको को निर्देशक के रूप म आकाशवाणी म जोडने की। मैं भी उसी योजना के अन्तगत दिल्ली केन्द्र म नाटक विभाग का निर्देशक नियुक्त हुआ। स्वप्न मे भी मन यह पद नही चाहा था लेकिन आश्चय एक दिन फोन पर स्व० महाकवि सुमित्रानदन पन्त की आवाज आती है विष्णु प्रभाकर जी माथुर साहब चाहते है और मैं भी चाहता हू कि आप दिल्ली के नाटक विभाग म आ जाए। सभी जाने माने साहित्य कार आ रहे हैं।

मैं चकित रह गया। यह गौरव बिना मागे मिल रहा है लेकिन मैं

तो मुक्त रहने का निश्चय कर चुका था। उस समय टाल गया। माथुर साहब ने सीधे मुझसे कुछ नहीं कहा। नाना दिशाओं और नाना मित्रों के मुख से बहुत कुछ सुना। श्रेय जैसे उन सबका था, लेकिन फोन फिर पन्तजी का ही आया 'प्रभाकर जी, हम सब चाहते हैं कि आकाशवाणी सरकार का केवल एक प्रचार तन्त्र बनकर न रह जाय। आप लोग आइए। वेतन भी अच्छा है। रीडर का ग्रेड दे रहे हैं।'

माथुर साहब चाहें और पन्त जी फोन करें। मैं असमंजस में पड़ गया। मित्रों को और परिवारों को टटोला और अन्त में निश्चय किया कि तीन वर्ष के लिए प्रयोग कर देखने योग्य है।

लेकिन, मैं उस सोने के पिंजरे में तीन वर्ष रह नहीं पाया। अट्ठारह महीने काटने भी मुश्किल हो गए। हाँ, उतने समय में वहाँ जो कुछ देखा वह निश्चय ही अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। सन् 1955 ई० का सितम्बर का वह महीना मेरे साहित्यिक जीवन की विभाजक रेखा प्रमाणित हुआ। माथुर साहब को बहुत पास से देखा है। उनका स्नेह पाया। नोक झोंक भी हुई। लेकिन एक क्षण के लिए भी मैंने यह अनुभव नहीं किया कि मैं किसी नौकरशाह (ब्यूरोक्रैट) के नीचे काम कर रहा हूँ। मेरे लिए वह एक साहित्यिक मित्र ही बने रहे।

जीवन में पहली बार उनसे दिल्ली के एक सम्मेलन में भेंट हुई थी— किसी मित्र के माध्यम से। प्रथम मिलन की वह मधुर मुस्कान अन्तिम मिलन के क्षण तक म्लान नहीं हुई। तब मुझे उन्होंने अपना एकांकी संग्रह भेंट किया था। उसके बाद एक दिन वह अचानक मसूरी में लाइब्रेरी के पास मिल गए। बड़े प्रसन्न हुए। बोले, "मुझे तो आपके एकांकी बहुत अच्छे लगते हैं। पता नहीं, आपको मेरे नाटक कैसे लगते हैं?"

मैं तो उनके शिल्प और उनकी भाषा पर मुग्ध था। उनकी यह बात सुनकर स्तब्ध रह गया। वह भारतीय सिविल सर्विस के उच्च अधिकारी और मैं एक अजनबी दिशाहारा। जानता हूँ, वह मुझसे शिष्टाचार नहीं बरत रहे थे, मन की बात कह रहे थे। भाई कान्तिचन्द्र सौनरिक्सा ने मेरी जो 'छवि' उतारी थी उसे देखकर भी उन्होंने यही कहा था, 'तुमने सचमुच विष्णु जी के भीतर के नाटककार को पकड़ा है।' यह आत्मश्लाघा

की बात नहीं है। उनकी गुणग्राहकता की बात है। वह गलत हो सकते है, पर बेईमान नहीं।

बुद्ध जयन्ती का कार्यक्रम न भूतो न भविष्यति था। देश भर में धूम थी। एक एक दिन में कितने ही रूपक, संगीत रूपक और नाटक प्रस्तुत करने पड़ते थे। सवेरे ही जाता और रात को ग्यारह बजे के बाद लौटता। उन दिनों न टेप थे और न रिकार्डिंग की इतनी सुविधा थी। लगभग सब कुछ सीधे प्रसारित होता था। हर क्षण चुनौती से मन रहती। हर क्षण महानिदेशक का आदेश आता 'अमुक बौद्धतीर्थ पर स्वयं जाओ। अमुक तीर्थ पर अमुक को भेजकर रूपक तैयार करो। अमुक शिलालेख जाकर देखो।'

मुझे तक्षशिला जाने का आदेश था। लेकिन पाकिस्तान ने अनुमति नहीं दी। फिर भी मैं कल्पनालोक में वहां गया और रूपक तैयार किया। कालसी जाकर भी रूपक तैयार किया। भारत के अनेक साहित्यिक इस प्रकार अनायास ही भगवान बुद्ध की शरण में पहुंच गए थे। दिन में जाने कितनी बार पुकारते बुद्धं शरणं गच्छामि, संघं शरणं गच्छामि धम्मं शरणं गच्छामि। मैंने एक दिन महानिदेशक माथुर से निवेदन किया 'माथुर साहब सब सुविधाएं आपने दी हैं दो बातें और कर दीजिए।

मुस्करा कर बोले क्या ?'

मैंने उत्तर दिया हम सबके लिए एक एक कमण्डल और एक एक जोड़ा चीवर और भगवा दीजिए।

व्यंग्य समझकर उनकी मुस्कराहट और बढ़ गई। पर इस जयन्ती की गाथा तो बहुत लम्बी है। माथुर साहब गदगद थे। उतने ही गदगद वे तब थे जब सोवियत देश के तत्कालीन राष्ट्रपति बुलगानिन और प्रधानमन्त्री ख्रुश्चेव भारत की यात्रा पर आए थे। दिल्ली तो जैसे पागल हो उठी थी और उस पागलपन को बड़ी सुष्ठुता से रूपायित किया था आकाशवाणी ने। प्रत्येक छोटा बड़ा अधिकारी उसमें भागीदार था। वैसी भावना भविष्य के लिए दुर्लभ है।

माथुर साहब के युग में आकाशवाणी ने वाणी के साथ आंखें भी पाई था। आकाशवाणी के लोग हर क्षण रिकार्डिंग मशीन लिये घूमते और

जनजीवन को लेकर कार्यक्रम तैयार करते। आखों देखी कार्यक्रम उन्ही मे एक था। उनके नाम को लेकर माथुर साहब कैसे चिन्तित रहे। मेरे कमरे मे सीधे फोन करते। श्रीरामचन्द्र टण्डन और मैं दोनों एक साथ बैठते थे। वही बात पन्त जी दिनकर जी नवीन जी और नये-नये नामों और नये-नये कार्यक्रमों पर चर्चा करते। माथुर साहब ने प्रफुल्लित स्वर मे कहा था आप लोगों का कमरा एक क्लब की तरह होगा। साधक और साहित्यकार इकट्ठे होंगे। साहित्यिक विषयों पर चर्चा होगी।

कैसे कैसे अनहोने स्वप्न देखे थे उन्होंने। कुछ तो उनके रहते ही नौकरशाही (ब्यूरोक्रेसी) की चट्टान पर चूर चूर हो गए। शेष उनके जाते न जाते तिरोहित हो गए। ज्वार पूरा होते न होते भाटा आ गया।

इसी गहमागहमी मे एक दिन मैं बस से गिर पड़ा। बहुत चोट आई। पर महानिदेशक माथुर घर पर फोन कर रहे हैं प्रभाकर जी सवेरे ही मेरे साथ मथुरा चलना है। कुछ आवश्यक कार्यक्रम रिकार्ड करने हैं।'

मैंने उत्तर दिया मैं तो घायल पड़ा हूँ। उठ भी नहीं सकता।'

वे बोले, हम कार से चल रहे हैं।

मैंने कहा मैं नहीं जा पाऊंगा, क्षमा करें।

नहीं जा पाएंगे ? निराशा जैसे उनके स्वर मे साकार हो उठी।

फिर एक दिन बुला भेजा। बोले मैंने कठपुतली के लिए नाटक लिखा है। उसे प्रदर्शित करनेवाला दल भी स्टुडियो मे है। उसे देख लो और नाटक का शेष भाग स्वयं पूरा कर दो।

वह युग जितना उत्साह और गहमागहमी के लिए स्मरण रहेगा, उतना ही वर्जनाओं के लिए भी। आदेश आते साठ प्रतिशत नाटक हास्य व्यंग्य के होने चाहिए पैंतीस प्रतिशत सामाजिक और ऐतिहासिक मनोवैज्ञानिक केवल चार प्रतिशत। त्रासदी कभी कभी और मले भटके हो। अश्लीलता अवैध प्रेम और मद्यपान इन सबका आकाशवाणी मे प्रवेश वर्जित है।

इन वर्जनाओं को लेकर बड़ी रोचक बहसें होती थीं। तब प्रशासक माथुर और साहित्यकार माथुर दोनों एक दूसरे से उलझ पड़ते। महानिदेशक की स्थिति दयनीय हो उठती। काश कोई उस युग

की फाइलों में ऐसी टिप्पणियों को एकत्रित कर सके। मेरी स्थिति उस समय बड़ी विषम थी। क्या श्लील है और क्या अश्लील ? कौन सा प्रेम वैध और कौन सा अवैध ? इश्क और शराब, ये शब्द डिक्शनरी से कैसे निकाले जा सकते हैं, दिमाग इसी भंवर में फंसा रहता। एक दिन मैंने उपनिदेशक से पूछा 'प्रेम कब अवैध होता है ?'

उनका उत्तर था 'जब वह पति पत्नी के बीच होता है।'

मैंने कहा वह तो अनुबंधित प्रेम है और वास्तविक प्रेम साहित्य की तरह मानव आत्मा की बंधनहीन अभिव्यक्ति।

वे उपनिदेशक हँसकर बोले, 'अनुबंधित प्रेम ही श्लील है, बाकी सब अश्लील।

मैंने महानिदेशक के दरबार में गुहार की। उत्तर मिला 'बड़ा कठिन है निर्णय देना। बस आप बाल वृद्ध और वनिता का ध्यान रखिए। पात्र शराब पी सकते हैं पर अन्त में उसे उचित नहीं ठहराइए।'

प्रशासक माथुर ने साहित्यिक माथुर से समझौता कर लिया और मैंने अपना सिर पीट लिया। अनेक पूर्वप्रसारित नाटक वर्जित करार दे दिए गए। उनमें मामा वरेरकर तथा स्वयं मेरे नाटक भी थे। अच्छे लेखक आकाशवाणी के लिए लिखने से जी चुराने लगे। पंजाबी की सुप्रसिद्ध कवयित्री अमृता प्रीतम भी उन दिनों आकाशवाणी में थीं। मैंने उनसे निवेदन किया, मेरे लिए एक नाटक लिख दीजिए न ?'

मुस्करा कर वह बोलीं विष्णु जी, आप तो जानते ही हैं। मेरे पास तो केवल इश्क है और वही आपके यहां वर्जित हो गया है।

इस त्रासदी का अन्त यहीं नहीं हुआ था। एक रात मंगल या इसी तरह के किसी ग्रह को लेकर एक स्वैर कल्पना (फन्तासी) प्रसारित हुई। दो दिन बाद देखता हूं कि एक महिला समीक्षक ने बड़ी कटु टिप्पणी की उसपर। लिखा, 'मैं तो सुनकर पसीना पसीना हो आई। खिड़की खोलनी पड़ी सांस लेने को।'

महानिदेशक माथुर ने उसे काटा। एक कागज पर चस्पा किया और लिखा प्रोड्यूसर ड्रामा प्लीज सी इट (नाटक निर्देशक इसे देखें)।

संयोग की बात दूसरे पुरुष समीक्षक ने उस स्वैर कल्पना (फन्तासी)

की भूरि भूरि प्रशसा की थी। मैंने वह कतरन महानिदशक की टिप्पणी
क नीचे चिपका दी और लिखा, महानिदशक कृपया इस भी दखें।
तुर त कागज लौट आया, लिखा था 'मरा आशय आपके काय पर
आक्षप करना नही था। कवल सूचना दना था।
मैंन लिख भेजा वहुत वहुत आभार आपका। मैं भी सूचना ही द
रहा था।'

हम,रे वीच म कइ सीढ़िया थी पर वे कभी हमार माग की वाधा
नही वनी। प्रसिद्ध वगाली डायरेक्टर और अभिनता श्री श म्भु मित्र उ ही
दिना अपन दल क साथ दिल्ली आए हुए थ। उनके नाटका की धूम थी।
एक दिन महानिदशक का एक विचित्र स दशा मिला 'उनका एक नाटक
रिकाड करक प्रसारित करा।'
मैंने कहा रगमच का नाटक ध्वनि नाटक कैस वनगा?
उनका सुझाव था 'प्रयोग करके देखिए तो।'
श म्भु मित्र न चखव क सुप्रसिद्ध नाटक एनिवरसरी' क आधार
पर वगला म श दिन वौंग लोक्खी वक' प्रस्तुत किया था। उसी का मैंन
रिकाड कर लिया। आकाशवाणी क वातानुकूलित स्टुडियो म कवल
अभिनेता ही होत है पर वहा तो दशक थे, अतिरिक्त अभिनता व पाश्व-
कर्मी थ। वह नाटक जव प्रसारित हुआ तव चित्र विचित्र ध्वनिया के
वीच मूल नाटक की आत्मा खोजे नही मिलती थी। समीक्षक न लिखा
रेडियो नाटक कसा नहा होना चाहिए, इसका यह सर्वोत्तम उदाहरण
है।

पर प्रयोगधर्मी माथुर एसी टिप्पणिया म हतोत्साह हो उठें ता
साधक कस? उ हान विशप रूप म श्री रमश महता का एक नाटक
आकाशवाणी क प्रागण म मचस्थ कराया और वही स वह प्रसारित
किया गया। वह प्रयोग एक सीमा तक सफल हुआ। फिर तो वैस काय-
क्रमा का सिलसिला चल निकला। आज भी कभी कभी दशका का
हर्षोल्लास वातावरण म गूज उठता है।
माथुर लगभग सभी नाटका को सुनत। उनपर चचा करत। प्रशसा
करन म कजूसी उ होन कभी नही की। फिर भी, मुझे लगता है वह

अपने अनेक रूपों के बीच से तुलन साधते साधते कभी कभी लड़खड़ा भी जाते थे। प्रशासक अनुशासन के बिना काम कर नहीं सकता और साहित्यिक होता है फक्कड़। इसलिए, उनकी न्याय तुला कभी इधर झुकती कभी उधर। कुर्सी पर बैठकर सहज मानव बने रहने की वह जी जान से चेष्टा करते लेकिन यह उनका दुस्साहस ही था। कुरसी अफसर के लिए होती है आदमी के लिए नहीं। माथुर को मैंने नौकरशाह (ब्यूरोक्रैट)की तरह आदेश देते हुए भी देखा है। उनकी देहयष्टि नाति दीर्घ थी। जब वह अपने अधीनस्थ दीर्घकाय अफसरों को, माथे पर त्योरियाँ डालकर आदेश देते तब मुझे नेपोलियन बोनापार्ट की याद आ जाती।

वे जितने मधुर और सौम्य थे उतने ही कठोर भी थे। सब कुछ लिखा भी नहीं जा सकता। पर वह दृश्य मैं नहीं भूल सकता। आकाश वाणी के एक छोटे अधिकारी संकट में थे। अनुशासन भंग का आरोप था उनपर लेकिन वह साहित्यकार भी थे। महाकवि पन्त ने बड़े विनम्र शब्दों में माथुर साहब से उनके लिए सिफारिश की। सहसा फाइल से दृष्टि उठाकर बीच ही में टोक दिया माथुर साहब ने, पन्त जी, मुझे मालूम है उनकी बात। पर यह आपकी चिन्ता का विषय नहीं है। मैं जानता हूँ मुझे क्या करना है।

महानिदेशक के उस कमरे में तीसरा व्यक्ति मैं ही था। साहब इतने बड़े भी हो सकते हैं, वह भी पन्त जी से और एक साहित्यकार को लेकर! निश्चय, यह अपराध कुछ गम्भीर रहा होगा। पर, वह स्वर मेरे अन्तर में कसक उठा।

*एक दूसरे अफसर का केस भी लगभग ऐसा ही था। उनकी ओर से माथुर साहब के एक परम मित्र ने उनसे कुछ कहना चाहा। तुरन्त जवाब मिला मैं जानता हूँ, वह मेरे विभाग में काम करते हैं पर आपका इस मामले में क्या सरोकार है?'*

लेकिन, ऐसे भी मामले हुए हैं, जिनमें उनकी सहज करुणा मुखरित हो उठी है। उर्दू के जाने माने शायर सलाम मछलीशहरी उन दिनों मेरे साथ काम कर रहे थे। जिन्दादिल दोस्त थे, पर शराब पीते थे

वेइन्तहा। घर और वाहर म फर्क करना उ हान नही सीखा था। एक पब्लिक मुशायरे म शराब म धुत उनस कुछ गुस्ताखी हा गई। दुभाग्य म भारत सरकार के एक मुस्लिम मन्त्री भी वहा वैठ थे। उ हान शिकायत कर दी और बचार सलाम साहव का वेतन साढे पाच सा रुपय स सिकुड कर सम्भवत साढे तीन सा रुपय रह गया। वहुत हाथ पैर मारे उ हान। मुझस बोले, भाई साहब, माथुर साहब स कहिए न!

माथुर साहब सब कुछ जानते थे। बोल प्रभाकर जी, बशक बेचारे के साथ अ याय हुआ है। कुछ करूगा भी, पर उ ह भी ता ध्यान रखना चाहिए।

सलाम क्या ध्यान रखत! शेरा शायरी और शराब का तो चोली-दामन का साथ है। लेकिन म थुर साहब न अवश्य ध्यान रखा। सलाम का वतन पाच सा हा गया। कुछ हानि तो आखिर उठानी ही थी। एक मन्त्री के सामने सावजनिक स्थान पर शराब पीकर हगामा किया था उन्होन।

उन अट्ठारह महीनो म जिस जगदीशचन्द्र माथुर को मैंन दखा वह एक अनुशासन प्रिय प्रशासक एक सहृदय साहित्यकार, एक सच्चा दश भक्त, दश की सस्कृति मे प्राण फूकनवाला एक कला साधक आर सबस ऊपर एक प्यारा दोस्त था। लेकिन मेरे प्राण ता उस पिंजरे म छटपटा रह थ। मेरा त्यागपत्र कोई स्वीकार नहीं कर रहा था। एक दिन मन चुपचाप अपने सहयोगी श्री चिरजीत को प्रभार सभलवाया और भाग आया। माथुर साहब का सूचना मिली, ता उ हान के द्रनिदशक से जवाब तलब किया आपने प्रभाकर जी को क्या जाने दिया? बुलाओ उनको।

लेकिन मै नही गया। उनका सन्देशा आया— दिल्ली केन्द्र म मन नही रमता तो डिप्टी चीफ प्रोडयूसर क पद पर मेरे साथ चल आओ।

मैं फिर भी नही गया। उन्हान मुझसे कभी शिकायत नहीं की। हालाकि मैं शिकायतें करता रहा और वह सहज प्रम से उत्तर दत रह।

नाटककार जगदीशच द्र माथुर दा कारणो म मुझे विशेष प्रिय रह एक अपनी प्रयोगधर्मिता के कारण। मच की सूक्ष्म स-सूक्ष्म प्रक्रिया

उनकी दृष्टि रहती थी। 'कोणाक' उनकी कला का सर्वोत्तम उदाहरण था। उसम एक भी नारी पात्र नहीं। फिर भी मानवीय सवग्न म ओत प्रात है। पर मजे हुए खिलाडी ही उम मूत्त रूप दे सकते हैं। उनके एकाकिया म रीढ की हड्डी' और 'भोर का तारा बहुत प्रसिद्ध हुए। विशपकर 'रीढ की हडडी जा आज के भारतीय समाज के घर घर की कहानी है। उनका रग शिल्प और उनकी भापा दोनो आकृष्ट करत थे। लोकनाटका म उनकी सक्रिय रुचि उनकी लोकप्रियता का सबम बडा कारण थी। प्रान्त प्रान्त की विशेपताओ को परखत वे थकत नही थे। अपन शासकीय जीवन के प्रारम्भिक वप उ हाने विहार मे विताए। वही स उन्हान लोककला को सहजना शुरू किया माना कि भारत की आत्मा उनकी लोककला म ही है। एक बार मैं केरल प्रदेश मे घूम रहा था। जहा जाता सुनता कि अभी अभी माथुर साहब भी आए थे। व त्रिचूर मे उस प्रदेश की बहुत पुरानी लोकशैली का मच देखने गए थे।

उनकी प्रिय वशाली को मैन दखा है। उसके प्राचीन गौरव को फिर से सचेतन करने का अदभुत काय किया था प्रशासक माथुर न। इसी वशाली स जुडे थे भगवान महावीर भगवान बुद्ध सम्राट वि दुसार और नगरवधू परमसुन्दरी आम्रपाली और प्रजातन्त्र के उपासक लिच्छ-विया की क्रीडाभूमि भी तो यही थी। सात हजार सात सौ सत्तर प्रासाद उतन ही कूटागार, आराम और पुष्करणिया सभी को इतिहास के खण्डहरो से खोज निकाला, वशाली सघ और वशाली महात्सव की नीव डाली। जबतक माथुर वहा रहे वातावरण गूजता रहा। वे क द्र म आए और विहार मे फिर से सब कुछ खण्डहर बन गया। कई वष बाद उजडी हुई वैशाली की जब मैंन उनस चर्चा की तो पीडा जैसे आखा म भर भर आई। बोले सुना तो मैंन भी है पर क्या कर सकता हू ?'

विहार को कितना दिया माथुर साहब ने! एक ओर सस्कृति के भवन का निर्माण किया दूसरी ओर गाधी जी की बसिक शिक्षापद्धति को स्थापित किया। वहा की लोककला को स वारा। वैशाली जनपद म प्राण फूके। विहार राष्ट्रभापा परिपद नवनालन्दा महाविहार वशाली प्राकृत शोध प्रतिष्ठान नेतरहाट विद्यालय इन सबकी स्थापना म उन्ही

का हाथ था। इसी कार्यकुशलता और उत्साह ने उनके विरुद्ध एक 'लाबी' तैयार कर दी थी। प्रदेश से केन्द्र तक उसका क्षेत्र था। वह 'कल्चर' से एग्रीकल्चर में भेज दिए गए। उन्हें शिक्षा विभाग में नहीं आने दिया गया। सूचना और प्रसारण मन्त्रालय में भी उनका प्रवेश वर्जित हो गया। लेकिन, कृषि विभाग में होकर भी वे यूनेस्को तक पहुंचे। लोग उनका विरोध क्या करते थे? क्योंकि वह साहित्य और संस्कृति की, लोककला की और मानवीय संवेदना की बात करते थे। केवल यांत्रिक प्रशासन, अर्थात् 'रोबट' बनकर रहना उनके लिए सम्भव नहीं था। एक बार इसी सम्बन्ध में मैंने उनसे बात छेड़ी तो उनके चेहरे पर करुण मुस्कान बिखर आई। आंखें नीची किये अस्फुट स्वर में कुछ कहा और मौन हो गए। दर्द सहा जाता है, उसका बखान नहीं किया जाता। मैं जानता हूं अति उत्साह जैसी मानवीय दुर्बलताओं के बावजूद वह कितने महान थे। महानिदेशक के पद पर आते ही उन्होंने आदेश दिया था जबतक मैं यहां हूं मेरे नाटक प्रसारित नहीं होंगे।

इसका अर्थ मैं जानता हूं। जाने कितनी संस्थाओं से वे जुड़े थे। कितने करणीय कार्य उन्होंने किए थे। महानिदेशक के पद पर रहते हुए क्रान्तिकारियों के संस्मरण उन्होंने रिकार्ड कराए। वे आज इतिहास की सम्पत्ति हैं। केवल प्रशासक तो हिंसा अहिंसा का प्रश्न उठाकर उस बहुमूल्य सम्पदा को खो देता। प्रौढ़ शिक्षा का भी बहुत कार्य उन्होंने किया। संस्मरण लिखने में वे सिद्धहस्त थे। अपने स्तर और पद के कारण कितने महाप्राण व्यक्तियों, नाना क्षेत्रों के कितने विशेषज्ञों, शासकों, साहित्यकारों, कलाकारों, गायकों और साधारण कठपुतली का तमाशा दिखानेवाले से उनका गहरा सम्बन्ध रहा। इसका यत्किंचित प्रमाण मिलता है उनकी पुस्तक 'जिन्होंने जीना जाना' में। उनकी अन्तस्तल का भेद देनेवाली दृष्टि और मानवीय संवेदना के कारण वे चित्र बहुत ही भावप्रवण हो उठे हैं। उनके सारे कार्यक्षेत्र उनकी सहज मानवता से प्राणवन्त थे। उनकी शिशुसुलभ मुस्कान, उनका मुक्त सहज व्यवहार भुलाए नहीं भूलते। याद आता है, जब राहुल जी होश गंवा बैठे थे, तब अनेक मित्र उन्हें देखने गए थे। माथुर भी आए उनसे मिलने।

राहुल जी के लिए सब एक रूप थे। उनकी पत्नी उनकी बेटी बन गई थी। सहसा माथुर साहब उनके बहुत पास आकर बैठ गए। बोले राहुल जी, मुझे नहीं पहचाना ? मैं जगदीशचन्द्र माथुर हूं।'

राहुल जी ने करुणाविह्वल नेत्रों से उन्हें देखा। फुसफुसाए 'भया भया !

माथुर कहते रहे— मैं तब बिहार में कमिश्नर था और आप जेल में थे। मैं आपसे मिलने गया था और अमुक अमुक विषय पर चर्चा हुई थी।

माथुर अतीत को कुरेदते जा रहे थे। हम वर्तमान में स्तब्ध-से खड़े थे। राहुल जी की तरल आंखें चमक रही थीं 'भया भया हां जेल में था। तुम आए थे। तुम माथुर हो न ? हां हां जगदीशचन्द्र माथुर। भया बड़ी पुरानी याद दिला दी तुमने।

माथुर साहब के चेहरे पर विजयोल्लास फूट पड़ा। राहुल जी कई क्षण सतृष्ण नेत्रों से देखते रहे। फिर, यथापूर्व शून्यवत हो गए।

जगदीशचन्द्र माथुर ने पश्चिमी उत्तरप्रदेश के एक छोटे से नगर में एक शिक्षाशास्त्री के घर जन्म लिया। अपनी प्रतिभा के बल पर इण्डियन सिविल सर्विस में चौथा स्थान पाया। उनका कार्यक्षेत्र बना बिहार। वहां की शिक्षा और संस्कृति में नये प्राण फूंके उन्होंने। फिर, महानिदेशक के पद से भारत की समग्र संस्कृति का रूपायित करने की प्राणपण से चेष्टा की। वही माथुर साहब एक दिन चुपचाप चले गए। बहुत कितना काम पड़ा था अभी करने को ! कितना किया उसका लेखा जोखा कौन ले इस कृतघ्न संसार में जहां हर व्यक्ति वैभव के ढोंग ज्वर में पीड़ित है ! वह नेक थे इसलिए विरोधी पैदा कर लेते थे। हवा में ऊंची उड़ानें भरते थे यह उनकी दुर्बलता थी। पर उतनी ही सचाई से धरती की बातें भी करते थे और उड़ानों को रूप देते थे। वह नेक ही नहीं ईमानदार भी थे। और आज की दुनिया में विशेषकर भारत में ईमानदार होना खतरनाक है क्योंकि ईमानदारी आदमी को बदनाम कर देती है।

## श्री जैनेन्द्रकुमार

[illegible] सन् 1933 के [illegible]। मैं [illegible] एक पुरानी [illegible] में रहता था। एक दिन [illegible] के [illegible] कि एक प्रौढ़ महिला ने बिना किसी [illegible] के [illegible] प्रवेश किया। मुझे उनका रूप [illegible] भी स्मरण है [illegible], [illegible] गोरा रंग और मुख पर मृदु मुस्कान—किसी [illegible] के लिए [illegible] को [illegible] कर देनेवाली भिक्षुणी की तरह वह मुझे लगी। उनके [illegible] में जो मधुर मातृत्व छिपा हुआ था उसने मेरे किशोर मानस को दुलारा। उनके हाथ में एक रसीदबुक थी और वे किसी महिला संस्था के लिए चन्दा मांगने आई थीं। चन्दा तो उन्हें मिला ही, पर जब तक मेरे मामा अन्दर से पैसे लाये तब तक मुझे उनका परिचय भी मिला। उन्होंने मुझसे पूछा 'क्या पढ़ रहे हो?'

मैंने उपन्यास का नाम बता दिया। सुनकर वे बोलीं 'परख पढ़ा है?'

'जी नहीं। किसने लिखा है?'

'जैनेन्द्रकुमार ने।'

'अच्छी पुस्तक है?'

'उस पर हिन्दुस्तानी एकेडेमी से पुरस्कार मिला है।'

मैंने सोचा, जिसे पुरस्कार मिला है, वह अवश्य महान् लेखक है। मैंने तुरन्त उनसे कहा, 'आप मुझे उस पुस्तक के मिलने का पता बता दीजिए। मैं जरूर पढ़ूंगा।'

बातें आगे बढ़ीं। उन महिला ने बताया, जैनेन्द्र मेरा लड़का है।

यह कहते हुए उनका सारा अस्तित्व उल्लास से भर उठा। उनके नेत्रों से झरते हुए तरल पदार्थ ने मुझे श्रद्धा से भर दिया। मुझे याद है कि तब मेरे मन में एक विचार उठा था, 'क्या मैं भी जैनेन्द्र जैसा बन सकता हूं ?'

जैनेन्द्र से मेरा प्रथम परिचय इसी प्रकार हुआ था। जननी से जिसका परिचय मिले उसके भाग्य से ईर्ष्या होनी चाहिए। आत्मीयता तो जन्म होती ही है। उसके बाद उनकी पुस्तकों ने इस परिचय को और भी पुष्ट किया। एक बार दिल्ली में कम्पनी बाग की किसी सभा में दूर से उन्हें कन्धे पर चादर डाले देखा—इकहरा बदन, मझोला कद, प्रशस्त ललाट और प्रमुख नासिका, बातें करने पर अन्तर में लय हो जाने को आतुर आंखें और तदनुसार कुछ कुछ तनी हुई ग्रीवा—देखता रहा, पर पास जाकर उनसे बातें करने का साहस नहीं पा सका। कहां वे हिन्दी के महान लेखक, कहां एक क्षुद्र पाठक !

पर भाग्य की बलिहारी—एक दिन मैं भी लिखने लगा और साहस इतना बढ़ा कि धीरे-धीरे त्रिवेणी 'हंस' (मुंशी प्रेमचन्द का हंस) तक जा पहुंचा। प्रेमचन्द जी की मृत्यु के बाद मेरी कई रचनाएं उसमें छपीं और तभी जाना, जैनेन्द्रकुमार उसके सम्पादक हो गए हैं। लेख उनकी नजर होंगे। यह सितम्बर 1937 की बात है। एक कहानी दिल्ली के पते पर भेजी और फिर उत्सुक हृदय से उत्तर की प्रतीक्षा करने लगा। यद्यपि नागर साहब ने उस कहानी को अच्छी बताया था, पर मेरे लेखक के लिए तो वह तभी अच्छी हो सकती थी जब 'परख' के पुरस्कार विजेता लेखक उसे अच्छी कहें। आखिर उनके हाथ का लिखा 20 सितम्बर 1937 का कार्ड मुझे मिला—

प्रिय महोदय

कहानी मिली। उसे काशी छपने के लिए भेज रहा हूं। अपनी कहानी में भावना की मुलायमियत थोड़ी कम भी हो जाने दें और उनकी

जगह Purpose का काठिन्य आ जाए तो मुझे कहानी और भी रुचे
लिखत



विनीत—जनेन्द्रकुमा

पत्र का और कुछ भी असर क्या न हुआ हो उसने उस दुविधा क
निश्चय ही दूर कर दिया जो मुझे उनसे मिलने म हो रही थी। म दिल्ल
पहुचा। शायद वह अक्तूबर 1937 के पहले या दूसरे सप्ताह का क
दिन था मैं अपने बडे भाई के साथ दरियागज मे उन निवास स्थान
पर पहुचा। कई क्षण हम जीने के नीच खडे रहे। सयोगवश तभी श्रीमत
*जैनेन्द्र रही से आ रही थी। उनसे पूछा 'जैनेन्द्र जी यही रहते ह ?'*

व बोली ऊपर हैं चलिए।

पर हम आग कस चले? आखिर उन्होने स्वय आगे बढते हुए कहा
'आप झिझकते क्या है? नि सकोच चले आइए।

शायद इस चुनौती ने हमे बल दिया। ऊपर के कमरे मे कई व्यक्तिय
के बोलने का स्वर आ रहा था। और जसे ही हमने अन्दर प्रवेश किय
वैसे ही सबकी दृष्टियां हमारी ओर उठी। मैंने देखा—वह छोटा स
कमरा जिसके एक कोने म एक मेज कुर्सी पडी है, चटाई पर बैठे हु
व्यक्तियों स भरा हुआ है और बीच म टहल रहा है एक इकहरे बद
और मझले कद का व्यक्ति जिसने केवल बनियाइन और जांघिया पहन
है और कधे पर डाला है तौलिया। मैं शक्ल से जैनेन्द्र को पहचानत
था इसलिए यह समझने म कोई कठिनता नही हुई कि घूमनेवाले व्यक्ति
स ही मिलना है। मैंने प्रणाम किया और उन्होने बैठने का सकेत। सा
ही उनकी दृष्टि ने पूछा, 'कहा स आना हुआ ?'

परिचय मेरे भाई ने दिया। नाम सुनते ही जैनेन्द्र जी बोल उठ
'You write remarkably well.' (तुम विशेष रूप से सुन्दर लिख
हो।)

इस वाक्य ने मुझे कितना बल दिया यह निश्चय ही मैं आज शब्दो
मे ठीक ठीक न बता सकूगा। मैं उनके कमरे की अकिचनता को बिलकु
ही भूल गया और यह भी भूल गया कि यही बैठकर—इस व्यक्ति ने अप

साहित्य का निर्माण किया है। एक नये लेखक से इस प्रकार का व्यवहार उन दिनों (आज तो और भी अधिक) निःसंदेह अकल्पनीय सा लगा। उनसे मेरा यह पहला प्रत्यक्ष परिचय था। पहले परिचय की बहुत कहावतें प्रचलित हैं। दो ध्रुवों के अंतर के समान अन्तरवाली 'प्रथम-ग्रासे मक्षिकापात' और Love at first sight (चक्षुराग) जैसी उक्तियां किसी कवि की कपोल कल्पना नहीं हैं। वे किसी मेरे जैसे के प्रत्यक्ष अनुभव का परिणाम हैं। उस दिन मेरा अनुभव दूसरी उक्ति के आसपास था। उनका व्यक्तित्व प्रभावशाली नहीं कहा जा सकता, परन्तु उन्नत ललाट की छाया में उपन्न नासिका के आसपास अंदर को धंसे से जो दो नयन हैं और जो कहीं दूर झांकते जान पड़ते हैं, आपको पकड़ लेने की उनमें पूरी शक्ति है।

उन्होंने मुझे भी पकड़ा। मेरा भय कम हुआ और मेरी तबीयत में जो जलगाव था उसमें रखने का निमंत्रण लेकर मैं लौटा। लेकिन इससे पहले कि मैं कुछ करने का साहस बटोर सकूं, उन्होंने और भी गहरी आत्मीयता से उस निमंत्रण को दोहराया। एक महीना बाद, नवम्बर 1937 के अंतिम सप्ताह की बात है। शरत्कालीन रात्रि के गहरे सन्नाटे और घने कुहरे ने आच्छादित अपने छोटे से नगर की एक सुनसान गली में मैं टिमटिमाती हुई लालटेन के सामने बैठा लिख रहा था। तब अनायास एक शब्द उस सन्नाटे को आलोड़ित करता हुआ उठा—'विष्णुजी कहां रहते हैं?' मैं कुछ चौंका, फिर भी वह पहली पुकार मैंने अनसुनी कर दी। परन्तु दूसरे ही क्षण वह स्वर फिर उठा, फिर उठा। तब मुझे भी उठना पड़ा। अंधकार में से झांककर मैंने पूछा 'कौन साहब?'

सन्नाटे में वही स्वर गूंजा 'जैनेन्द्र।'

लिखने में मुझे और पढ़ने में आपको देर लगगी, पर मेरे शरीर में ऊपर से नीचे तक सिहरन दौड़ने में देर नहीं लगी—जैनेन्द्र! इस समय? यहां। सोच रहा था और गिरता पड़ता दौड़ा जा रहा था। किवाड़ खोलकर किसी तरह कहा 'नमस्ते। आप इस समय!'

जवाब दिया, 'हां इधर आना हुआ, सोचा तुमसे मिलता चलूं, कहानी पर से तुम्हारी गली का नाम पढ़ा था।

'बड़ी कृपा की आपने ।'

अरे कृपा क्या बला है,' उन्होंने कुछ हँसकर कहा । फिर ऊपर चढ़ते-चढ़ते पूछा 'बड़ा सन्नाटा है ?

जी छोटे शहर में रात जल्दी आ जाती है और फिर यहाँ तो बिजली भी नहीं है ।'

वे वहीं मेरे पास फर्श पर बैठ गए। चारों तरफ मेरा सामान बिखरा पड़ा था । उन्होंने पूछा 'क्या लिख रहे हो ?

मैं तब 'आश्रिता' कहानी लिख रहा था । उसी की चर्चा शुरू हो जाती पर मैंने बात को घुमा दिया । कुछ और चर्चा चल पड़ी । वे बातें करते जाते थे और साथ ही मेरी प्रत्येक वस्तु का निरीक्षण भी । उन्होंने मेरे पेन का जो खुला रह गया था बन्द करके रख दिया । फिर सामने दीवार पर लगे हुए स्वामी दयानन्द तथा महात्मा गांधी जी के चित्रों को देखा और बोले, सफलता तब है जब लेखनी की शक्ति वाणी में आ जाए । लिखी हुई बात में जितनी आन्तरिकता है उतनी ही बोली हुई बात में हो । तब सन्तोष हो ।

शब्द मेरे हैं पर भाव उनका है। स्पष्ट ही उनका लक्ष्य वे वाणी महापुरुष थे । आज जो उनमें प्रवचन देने की या प्रश्नोत्तर पद्धति को प्रोत्साहन देने की प्रवृत्ति है उसके मूल में यही महत्त्वाकांक्षा की भावना है ।

लौटते समय जब मैं कुछ दूर तक उनके साथ गया तो उन्होंने मुझसे पूछा क्या तुम इधर मेरी पुस्तकों के प्रचार का प्रबन्ध करवा सकते हो ?'

मरुभूमि में कोई पानी की माँग करे, ऐसी वह बात थी । इस बात से मुझे कुछ धक्का भी लगा । क्या लेखक को अपना लिखा बेचना भी पड़ता है ? पर यह विषयान्तर है उस क्षण तो उनकी आत्मीयता ने मुझे जीत लिया था । इस पराजय में मुझे सुख मिला । इसके बाद रहा सहा व्यवधान भी जाता रहा और मन में एक निजीपन का आविर्भाव हुआ । उन्होंने पहले पत्र में मुझे 'प्रिय महोदय' कहकर सम्बोधित किया था पर इस घटना के छः सात दिन बाद 'आश्रिता' कहानी पाकर उन्होंने लिखा—

भाई विष्णु जी,

'आश्रिता' कहानी अभी मिली। अभी देख भी ली। बहुत अच्छी मालूम हुई। मुझे स्पर्धा होती है। इतनी सूक्ष्मता हिन्दी में तो देखन को नहीं मिलती। क्या मैं बधाई दूं ।

लगभग साढ़े तीन महीने के अल्प काल में ही 'प्रिय महोदय' से मैं 'भाई विष्णु जी' बन गया। इस आत्मीयता ने मेरे साहित्य को क्या कुछ दिया, उसका मूल्यांकन सहज नहीं है। जिस काल में मेरी हत्या हो सकती थी, उसी काल में मुझे इतना स्नेह मिला। इस गौरव का श्रेय अकेले मेरा नहीं है, जैनेन्द्र जैसे मित्रों का भी है।

पर जैनेन्द्र जो ऊपर से इतने सरल दिखाई देते हैं, क्या वे सचमुच सम्पूर्ण रूप से सरल हैं ? फिर एक घटना याद आ रही है। मई 1938 में मेरा विवाह हुआ था। भाई यशपाल के साथ वे भी बारात में गए। हरिद्वार जाना था। मार्ग में रुड़की के पास नहर के किनारे रुकने की व्यवस्था थी। न जाने कैसे उस पार पत्थर फेंकने की प्रतियोगिता शुरू हो गई और मुझे यह देखकर बड़ा अचरज हुआ कि जैनेन्द्र जी अनायास ही सबसे आगे निकल जाते हैं। यह अचरज मुझे ही हुआ हो सो बात नहीं। अक्सर जब लोग सुनते हैं कि जैनेन्द्र मान हुए खिलाड़ी हैं या सिद्धहस्त तैराक हैं, बहुत अच्छी साइकिल चला लेते हैं तो उन्हें भी सहसा विश्वास नहीं होता। उसका कारण है उनका व्यक्तित्व और उनकी वेषभूषा। वे सादगी से रहते हैं। अकर्मण्य सादगी नहीं, उसका स्थान तो कहीं गन्दगी के आस पास है और महत्त्वाकांक्षी गन्दा नहीं रह सकता। लेकिन हमने सादगी के कुछ अर्थ मान लिए हैं, इसीलिए उन्हें देखकर अक्सर लोगों को धोखा हो जाता है। एक बार एक बन्धु ने किसी का शाल ओढ़ रखा था। उसे देखकर वे बोले, "आपको यह शाल सजता है, खरीद लो न।" दूसरी बार एक मित्र उनके पास इसलिए आए कि वे उनके साथ चन्दे के लिए चलें। उन्होंने पूछा, "कितने चन्दे की बात है ?" बात बहुत बड़ी नहीं थी। वे बोले, "आप मुझसे दस बीस की क्या बात करते हैं ? हजार दस हजार की कहिये। तब मैं आपके साथ चल सकता हूं। एक बार फिर किसी

सम्बन्ध म उन्हान कहा था क्या बताऊ सकेण्ड क्लास म ट्रैवेल करन की आदत पड गइ है। इधर उन्हें वायुयान प्रिय हैं। तो यह सब अस्वाभाविक नहीं है। य घटनाए उनकी दिखाई देनवाली रहन सहन की सादगी के पीछे जो गहरी महत्त्वाकाक्षी छिपी हुई है उस उभारती है।

साहित्य का चर्चा करत हुए उन्हान मुझस कहा था कि धर्म विचार म मैं सैक्स और अथ इन दोनो को ही मनन और अन्वेषण का विषय मानता हू। पौध क दो भागो की तरह सक्स जड की भाति धरती क नीच पनती है और अथ पत्र पुष्प क समान धरती क ऊपर फलता है। उनक जीवन म जो जटिलता है उसका कारण इन शब्दो म उपस्थित है। जैनेन्द्र या अहिसा म विश्वास करत है अहिसा और महत्त्वाकाक्षा का मल कसा? अनहोनी सी बात लगती है पर जो साध सकता है उस साधक क लिए अनहोनी कुछ नही है। जनन्द्र इस दृष्टि स साधक हैं। वे युद्ध म सदा निडर और तूफान म सदा शान्त रहन का प्रयत्न करत है। उनपर हमला होता है तो व कभी उग्र रूप धारण नहीं करत। अन्दर स उबलकर भी व शान्त रहना चाहत है पर व बदला न लेत हो, सो बात नही। व बदला लत है ऐसा लत ह कि हमलावर तिलमिला उठता है उसी तरह जिस तरह व तिलमिलाए थे। तिलमिलात न तो बदला कैस लेत? दिल्ली की सुप्रसिद्ध साहित्यिक सस्था 'शनिवार समाज' म उनपर एक लख पढा गया था। अनजान ही वह कुछ अस तुलित हो गया था। उनक व्यक्तित्व पर काफी करारी चोटें थी। उन्हान उसका उत्तर दिया यद्यपि दना चाहत थे। उस उत्तर की एक बात मुझे याद ह। उन्हाने कहा था कि इस लेख म मैंन अपन चेहर को तो देखा ही पर साथ ही आलोचक को भी देखा।

आलोचक पर यह हथौड की चोट थी। आलोचक यदि अपने लेख म रह जाता है तो उसका अध्ययन विषयगत (Objective) न होकर आत्मगत (Subjective) हो जाता है। उस यह अधिकार नही है।

जनन्द्र को उत्तर दना आता है। और उसम जो अथ गर्भित रहत हैं वे सुननवाल क दिल को पकड लत है यह उनकी प्रतिभा का प्रसाद है और इसी प्रसाद के कारण उनक साहित्य म प्राण है। अगस्त 1950

की बात है। रेडियो स्टेशन पर उनकी नियुक्ति की चर्चा चल पड़ी थी। लोग तरह-तरह की बातें करते थे। मैंने भी उनसे पूछा, 'सुना है आपकी नियुक्ति रेडियो-स्टेशन पर हो रही है?'

वे बोले, 'ऐसा तो हो ही नहीं सकता।'

'क्यों?'

'क्योंकि हम रेडियो में जाएंगे नहीं, रेडियो पर हम कोई बुलाएगा नहीं। क्योंकि रेडियो रेडियो है, हम हम हैं।'

इस प्रखरता की एक और घटना याद आ रही है। सुना है कि एक बार कुछ मनचलों ने एक आधुनिक क्लब में हो रही भरी सभा में उन्हें छकाने के लिए प्रयत्न किया। कहा, 'आप शराब नहीं पीते। उसमें क्या दोष है?'

सभा सभ्य लोगों की थी और सभ्यता वह प्राचीन न थी। जैनेन्द्र जी ने कहा 'दोष शायद यही है कि उसका नशा उतरता है।'

पर यह प्रखरता तो असिधारा व्रत के समान है। असन्तुलन का अर्थ स्पष्ट मृत्यु है और कोई सौभाग्यशाली मृत्यु से बच भी जाए, परन्तु घातक जख्मी का शिकार तो वह होगा ही। दिल्ली में उन्होंने हिन्दी परिषद का आयोजन किया था। एक बंधु जो हृदय रोग से पीड़ित थे अचानक अस्वस्थ हो गए। मुझसे अधिक वे उनके आदमी थे। मैं तब अकेला ही रोगी के पास था। मैंने जैनेन्द्र जी को सन्देशा भेजा। उनका घर दूर नहीं था पर वे नहीं आए। सौभाग्य से वे बंधु इस योग्य हो गए कि उन्हें घर छोड़ आया जा सकता था। वैसे वे बंधु स्वयं बड़े साहसी थे, पर मैं जैनेन्द्र जी के न आने से बड़ा क्षुब्ध था। उन बंधु को घर पहुंचाकर मैं उनके पास पहुंचा और न आने का कारण पूछा। उन्होंने कहा 'मैं आता भी तो क्या करता? करनेवाला तो भगवान् था। फिर तुम थे।'

माना उनका तर्क गलत नहीं था पर दुनिया तो इस तर्क के सहारे नहीं चलती। आत्म की ऊंचाई के पीछे छिपकर छुपी नहीं पाई जा सकती। इसीलिए सब गड़बड़झाला है। इसीलिए व्यवहार और आदर्श में अन्तर है। अन्तर ही अन्तर है, पर क्या इसके लिए उन्हें दोष देना होगा? मनुष्य का दोष देने का नहीं, दोष स्वीकार करने का अधिकार है। स्वयं जैनेन्द्र

यही मानते है । उन्हे भी इसी दृष्टि से आकना उचित है । असाध्य आदर्श की साधना तपस्या है तपस्या म पतन की गुजाइश अधिक रहती है, पर इसी कारण जो तपस्या स डरकर बठा रह जाय, उस अभाग स तो गिरने वाला लाख बार बडा है ।

जनेन्द्र आलसी कहे जाते ह । असल म बात यह है कि मस्तिष्क की असाधारणता उनके हाथ पर नही चलने देती । शरीर म मस्तिष्क की अधिनायकता है । मुझे याद है शीत ऋतु म किसी दिन वे मेरे बडे भाई और मैं तीना सवेरे लगभग 9 10 बजे बठ तो सन्ध्या को 6 बजे तक बातें ही करत रहे और यही क्या उस दिन हिन्दू कालेज की एक सभा म ता उन्हाने अपनी अकमण्यता का सुन्दर परिचय दिया । वे सभापति थे । हाल खचाखच भरा हुआ था । वे भाषण देने खडे हुए । माग हुई, कहानी सुनाइय । जवाब मिला अच्छी बात है ।

और जब तक मैं कुछ सोचू उन्होने बोलना भी शुरू कर दिया । उस बातचीत कहना ठीक होगा । उनका और उनकी पत्नी का काई झगडा था देर स आन और भाजन न करने का घर घर होनेवाला झगडा पर जिस ढग स उन्होन उसका वणन किया उसस वह विद्यार्थियो स भरा हुआ हाल हँसी स बराबर आ दोलित होता रहा ।

ऐस व्यक्ति को और कुछ भी कहा जा सकता है पर आलसी नही कहा जा सकता । लेकिन आलसी वे न हा पर अव्यावहारिक अवश्य हैं और एक सीमा तक असहिष्णु भी । असहिष्णु इस अथ म कि उन्हे विरोधी म काम लेना नही आता । उसपर योजनाए बना लेने है बहुत बडी बडी । उनकी सभा परिषदें इसी अव्यावहारिकता की शिला पर खण्ड खण्ड हो गयी कि व दूसरे के दृष्टि विन्दु को स्वीकार नही करेंगे और सबस अपनी शर्तों पर काम करवाना चाहगे । पर यह कहना कि वे अविश्वासी हैं उनके प्रति अन्याय करना है । पर साथ ही यह भी सच है कि अव्यावहारिक आदमी म सब दोप समा जात हैं । उनको टिकने का स्थान भी मिल जाता है ।

जनेन्द्र जो नही है वह बनना चाहत हैं पर उसके लिए जो शक्ति चाहिए वह उनके पास नही है । शक्ति स अधिक प्रवृत्ति का अभाव है,

इसलिए गडवड है। जन द्र क जीवन म यही उलझन है, यही सघष है। पर "र्यावत जन द्र की जा असफलता दिखाई दती ह आलोचक लाग लखक जने द्र की वही मफलता बतात है। इनके साहित्य म असाध्य को साधन की पुकार ह प्रयत्न भी है, पर किसी दिन व सुलझ सकता उनका साहित्य युग युग का स न्देश वहन की क्षमता प्राप्त कर सकता है।

जन द्र जी न किसी विद्यालय म शिक्षा नहीं पाई। जो कुछ उनके पास है वह स्वय उपार्जित है। इसका कारण उनकी प्रतिभा है और प्रतिभा अ तर की शक्ति है। शेक्सपियर, डिकन्स गोल्डस्मिथ बालजक और टगोर इत्यादि एसी ही प्रतिभासम्पन्न लेखक थ पर जैनन्द्र की साहित्य *प्रतिभा म दाशनिक की सी एक अजीब उलझन है कभी कभी वह इतनी* जटिल हा उठती ह कि पाठक उसे भेद नहीं पाता— कहा पार नहीं, कहो किनारा नहीं। आख के ठहरन का कोई सहारा नहीं। लकिन यह जटिलता कवल जैनन्द्र की कलम म ही यह बात वे स्वीकार नहीं करत। यह ता "सी दुनिया की गडवड ह—'सब गडबड ही गडबड है। सष्टि गलत समाज गलत। जीवन ही हमारा गलत। सारा चक्कर यह ऊटपटाग। पाठक की आखें इसे कभी नहीं दखती। उसके जीवन म इतना सघष कहा ह जा वह साहित्यिक जनन्द्र को पा सके! जा जीवन म है वही साहित्य म है। तभी जनता को पहचानकर भी जैने द्र जनता से दूर है। इसीलिए पाठक उनमे उतनी श्रद्धा नहीं रखता जितना उनक नाम का आदर करता है।

उलझन का एक और कारण ह। उनके चित्र मे रग गहरे नहीं होत। वस्तुत म तो छायाचित्र बनकर रह जात ह। फिर विचारो का बाहुल्य (मस्तिष्क के अधिनायक व के कारण) उनकी कहानियो का बोझिल बना दता है। उनकी चासनी का रस सूखता जा रहा है। भाषा भी एक बडा कारण ह। उनके पीछे जो अहम है उसे चीरकर कोई विरला ही भीतर पैठता है। जा पैठता है वह शांति पाता है। दूसरे लोग अशान्ति मोल लेकर उन्हे कोसत हैं।

लकिन कुछ भी हो जन द्र जन द्र है। शब्द वाक्य भाव भाषा और शैली सबपर जनेन्द्र की छाप है। उनके भीतर शक्ति का स्रोत है पर

तथाकथित अकमण्यता (तथाकथित इसलिए कि मूल म व महत्त्वाकाक्षी है) के कारण उ होंने अनुपात म बहुत कम लिखा ह । उनकी दृष्टि पनी और बुद्धि नया सृजन करनवाली है । सग्रह और अनुवाद उनक स्वभाव के अनुरूप नहीं हैं। अनुवाद तो उनकी अपनी रचना क जैसा हा जाता है। अध्ययन की शक्ति भी उनम उतनी नहीं ह। वे निर्विवाद रूप स एक मौलिक कलाकार ह और उन्होंने साहित्य मे एक मौलिक शली का निर्माण किया ह ।

जन द्र जी के प्रशसक और निन्दक दोनो यथष्ट है। इधर उनके आलोचकों की सख्या बढती जा रही है। उनका आक्षप है कि आज की कोई भी समस्या उ हे आकर्षित नहीं कर सकी। बगाल का अकाल, विश्व महायुद्ध साम्प्रदायिक हत्याकाण्ड कोई भी उ ह विचलित नहीं कर सका। नइ पीढ़ी की शिकायत है कि व प्रगतिशील नहीं ह । पुराना की शिकायत ह कि उन्होंने सक्स के विकृत रूप का प्रचार किया है। यह सभी का शिकायत है कि वे समाप्त हो रहे हैं। कभी कभी व स्वय भी कह दत हे 'हम लगता है कि हम समाप्त हो रह है ।

परन्तु यह सत्य नहीं है। प्रतिभाशाली कभी समाप्त नहीं होता, मृत्यु के बाद भी नहीं। जीवन म ता वह किसी भी क्षण चमक सकता है। शन कवल अकमण्यता पर चोट करन की है। कलाकार यदि युग की उपेक्षा करता ह तो वह युग का निमाण भी करता है। जनन्द्र के विचारो मे वह आग है जिसपर राख पडती जा रही है पर वह झाडी भी ता जा सकती ह । जैनेन्द्र का उदय धूमकेतु की तरह हुआ था और आज भी पर देर स सही—धूमकेतु फिर भी ता उदय हो सकता है ।

और धूमकेतु क्यो ? नभ का झिलमिलाता हुआ एकाकी तारा क्या पथिक को राह नहीं दिखा सकता ?

# श्री सियारामशरण

1

दिसम्बर 1937 की बात है। मैं 'जीवन सुधा' के सम्पादक भाई यशपाल से मिलने उनके कार्यालय में गया था। बातों बातों में वे बोले, 'सुना, आज सियारामशरण जी आए हुए हैं।'

मैंने अचरज से कहा 'सियारामशरण जी यहाँ हैं?'

'हाँ! आओ उनसे मिलकर जाना।'

मैं दुविधा में पड़ा—सियारामशरण जितने बड़े कवि, मैं उतना ही छोटा लेखक! न जाने क्या मेरा जी नहीं किया। मैंने कहा 'मुझे काम है। फिर आऊँगा।'

यशपाल बोले 'अरे ऐसा भी क्या काम है, आओ।'

और मुझे जाना पड़ा। उनके बारे में तबतक मैं बहुत कुछ पढ़ चुका था। 'विशाल भारत' में प्रकाशित उनका चित्र तो मुझे बहुत ही प्रभावशाली लगा था—उन्नत ललाट, उदार स्थिर दृष्टि और सबसे अधिक चेहरे का भोलापन! मैंने सोचा—कितना सुन्दर होगा यह कवि! और तब मैंने मृण्मयी की, जो तभी प्रकाशित हुई थीं, कविताएँ गुनगुनाते हुए उनके कई मनमोहक चित्र अपने मानस पट पर खींच डाले। लगा—उनके उन्नत ललाट पर रामानन्दी तिलक है, सिर पर पतली सी चोटी है, वे सफेद खद्दर की धोती कुरता पहने हैं, उनकी आँखों में... तभी जीने में चढ़ते चढ़ते यशपाल बोल उठे 'देखिए मामा जी, विष्णु आये हैं।'

'आइए आइए' की ध्वनि हुई और मैंने देखा कि जैनेन्द्र जी सामने

बैठे हैं। उन पास ही उकड़ू में बठे एक वृद्ध पुरुष कोई पुस्तक या पत्रिका देख रहे हैं। आहट पाकर उन्होंने मेरी ओर देखा और मैंने उन्हें। सहसा मन में उठा—काल चक्र के थपेड़े खाया हुआ यह व्यक्ति कितना थक गया है।

ठीक इसी समय जैनेन्द्र जी ने कहा आप सियारामशरण हैं।

बिजली सी कौंधी। मैंने सभलकर देखा—ये सियारामशरण! सियारामशरण यह! नहीं! यह तो उस चित्र की छाया भी नहीं। सिर पर रूखे उलझे बाल या जंगल। मोटे खद्दर का कुरता और घुटनों तक की धोती और शरीर जैसे जीवन विहीन किसी निर्विकार भार से दबा हुआ!

2

जैनेन्द्र जी ने दिल्ली में जो साहित्य परिषद् बुलाई थी, उसकी घटना है। संयोजक महोदय चाहते थे कि सभापति के समर्थन में सियारामशरण जी का नाम रहे। उनसे प्रार्थना की गई लेकिन वे तो कांप ही उठे हम! लोगों ने तर्क किया—आपको केवल समर्थन करना है। लेक्चर नहीं देना। वे बोले हम तो कभी बोले ही नहीं। कैसे कहेंगे!

और कहते कहते वे जैसे कांप से उठे!

मैंने सोचा इतना बोदा, इतना कमजोर व्यक्ति! छि छि!!

और उनसे मैंने कहा, 'आप खड़े होकर केवल इतना कह दीजिए कि मैं सभापति पद के लिए श्री मशरूवाला जी के नाम का समर्थन करता हूं। बस!'

उन्होंने यही कहा और मैं देख रहा था—वे एक एक शब्द पर कांप रहे थे उनकी मुद्रा साफ साफ कह रही थी—हम भी क्या इतने बड़े काम के योग्य हैं?

यह विनम्रता थी या आत्म निषेध?

फिर उन दो तीन दिनों में मैं कई बार उनके नजदीक बैठा। बातें की, उन्हें समझा, तब जाना कि यह जो व्यक्ति सियारामशरण इतना झुका लगता है, यह निर्बल का झुकना नहीं है बल्कि यह उस शक्तिशाली

पूछना है जो अपनी शक्ति से बराबर इनकार किये जा रहा है और जो मानता है कि वह एक क्षुद्र एक छोटा सा नगण्य जीव है।

सियारामशरण बोलते नहीं हैं। उन्हें कोई ठग नहीं सकता, पर तु साथ ही वे भी किसी को ठग नहीं सकते। चाहें तब भी नहीं। वे इस विद्या में कोरे हैं। वे जो कुछ हैं यह है कि उन्हें विश्वास है कि वे कुछ भी नहीं हैं और इसी नकारात्मक अस्तित्व में उनका बड़प्पन है। इसलिए उनकी शान्ति शान्त है और उनका विद्रोह विनयी है।

परन्तु अपने में उन्हें जितना अविश्वास जान पड़ता है, दूसरे में उतना ही विश्वास है। यह प्रकृति आत्म दान से उपजी है। इसी से उनका अपने में इतना घोर अविश्वास अखरता नहीं है और दूसरों में विश्वास उनके प्रति श्रद्धा पैदा कर देता है।

सियारामशरण दर्शन में बीसवीं सदी में वैदिक युग के मॉडल जान पड़ते हैं, उनकी प्रवृत्ति भी धार्मिक है। यह प्रवृत्ति कभी कभी बड़ी उग्रता से जाग पड़ती है पर उग्रता तो उनके स्वभाव में रह ही नहीं सकती। इसलिए ऐसे समय पीड़ा उन्हें घेर लेती है। बहन सत्यवती मल्लिक की ओर से दी गई चाय पार्टी में श्री 'अज्ञेय' ने फिल्म लेने का प्रबन्ध किया तो सियारामशरण जी की धार्मिक भावना जैसे तड़प उठी, वात्स्यायन जी! यह क्या करते हैं आप?

सियारामशरण ने अपने जीवन में बहुत कष्ट उठाए हैं। प्रियजनों के वियोग की मानसिक पीड़ा और चिरसंगी दमे की शारीरिक यातना ने उन्हें बरबस तपस्वी बना दिया है। परन्तु इसी व्यथा के भार से दबकर वे इतने प्रेरणा और प्रोत्साहन से भर उठे हैं। निस्सन्देह उनके ये अभिशाप जग के लिए वरदान बन गए हैं। 'जहाँ पीड़ा है वहाँ पवित्रता है।' यह प्रसिद्ध उक्ति सियारामशरण की जीवन रूपी अनुसंधानशाला में पूरी तरह प्रमाणित हो चुकी है। सियारामशरण विनयी इतने हैं कि यदि कोई उनकी ठीक बात में दोष निकाले तो वे मान लेंगे—गलती हो सकती है। क्योंकि वे मानते हैं वे निर्भ्रान्त नहीं हैं। जो निर्भ्रान्त नहीं है, वह कभी भी गलती कर सकता है! और कोई उनसे कहे कि आपकी अमुक रचना बड़ी सुन्दर है तो क्या कहनेवाला उनकी आंखों से बहनेवाली तरल

तनना का सह सकेगा ? लज्जा स उनकी आखें स्वय झुक जाएगी। तनी निश्छलता इतना आत्म दान लेकिन इतना कुछ दकर भी व स्वय छूछे रहत हैं।

व्यक्ति सियारामशरण जितना झुका है, कवि उतना ही ऊपर ही ऊपर उठा जा रहा है। उसने अपने मे डूबकर वेदना की कूची स वे चित्र अकित किय हैं जिनम रोज का जीवन है, उपेक्षा है पीडा है वेदना है कसक है पर आरोप कही नहीं है, चेतावनी भी नही। मात्र सकेत है जो सीधा हृदय म जा बठता है। क्योकि उसके पीछे स्वय कवि का अनुभव मूर्ति मान हो उठा है। मानो कवि कहता है कि मुझे देखो और समझो। मेरे मुह म मेरी कथा सुनने की आशा मत करो। इसी म व बोलत कम है सुनना ज्यादा चाहत हैं। जीवन या साहित्य, सब जगह व विशुद्ध मानवता-वादी हैं।

सियारामशरण जी की ज्ञान पीपासा बडी तीव्र है। ज मजात प्रतिभा न होन पर भी वे इतने बडे कवि बन गए है। व श्राप के सहारे ही अंग्रेजी के बडे बडे कवियो की रचनाए पढ लेत हैं। एक बार मैं उनस कह बठा, 'आपका रेखाचित्र लिखने की बात जी म उठी है।'

उन्होने उत्तर दिया 'बात उठी है तो दबा न दीजिए। किसी के लिए उसका रेखाचित्र एक दपण के समान होता है। व्यक्ति अपना चेहरा उसम देखकर सुधारने का अवसर पाता है। आत्म सुधार की इस प्रवत्ति ने उन्हे सदा ऊपर उठाया है।

गहन-गम्भीर विषयो की बहस म, अथवा राजनीति की दलदल म उनका मन नही लगता। धारा सभा का अधिवेशन या नइ दिल्ली की सर उ हे अधिक प्रिय है। कवि जो ठहरे। व मानत हैं कि अनानी रह-कर ता वे कुछ सीख सकते है। इसी कारण लाग उन्हे गलत समझत हैं और इसी कारण वे बहुत दिनो स उपेक्षा के पात्र बन रहे।

बात यह है कि मूलत सियारामशरण जी बौद्धिक नहीं है। उनकी मौलिकता परिश्रम और स्वाध्याय की मौलिकता है। विनय ने उनम स्वाध्याय की प्रवत्ति पैदा कर दी है। इसी क

प्रतिभा को बल मिला है बुद्धि से नही। बुद्धि के सहारे वे आत्म निषेध की भावना को नही पा सकते थे। बुद्धि अहम को अस्वीकृत नही कर सकती और न इकाई को मलने ही देती है।

परन्तु सियारामशरण जी आत्म निषेध की इतनी प्रबल भावना को लेकर भी बुद्धि मे नफरत नही करते। उनका नारी' उपन्यास पढ मैंने उ हे अनेक वातो के साथ लिखा था, मुझे लगता है कि चिट्ठीवाली बात कुछ उलझन म फस गयी ह।'

उन्होन उत्तर दिया यह हो सकता है, पर पाठक उलझन मे फसे, यह तो तुम चाहाग ही। उलझन म फम बिना वह लखक को जान ही कैम सकगा ?' यानी उलझन को सुलझान क प्रयत्न म ही पाठक लेखक को पहचानेगा यह उनका तक था। मैंने सोचा—यह आदमी कुछ भी हो, बाहर का नही है, अन्दर का है।

तो ऐस हैं सियारामशरण जी जिन्हे काल पुरुष न पीडा के पालन म डाल कर खूब झुलाया है। वे शरीर से जजरित और आत्मा से व्यथित है पर फिर भी क्रोध स अछते हैं। वे अखण्ड विद्रोही हैं पर दाहकता म रिक्त हैं। रक रुककर निकलनवाली सास के कारण उनकी वाणी गम्भीर है। वे दखन म जरूरत म ज्यादा ग्रामीण मालूम होत ह पर उनका हृदय सौज य और साहाद मे परिपूण है। उनके नत्र पील पड गए है पर अनुभूति और अनुराग उनम बराबर छलकत रहत ह।

और इसी कारण व स्वय एक कुशल कवि एक कमठ कलाकार तथा दूसरा के लिए साकार प्रेरणा बन गए ह।

# आचार्य किशोरीदास वाजपेयी

लगभग चालीस वष पुरानी बात है। कनखल के बाजार म गुजर रहा था कि दष्टि तागे म अकले बठ एक प्रौढ सज्जन पर जाकर ठहर गइ। वह कुछ उत्तेजित थे और किसी विरोध प्रदशन को लेकर विज्ञप्तिया बाट रहे थे। विशुद्ध भारतीय वेशभूषा कठार दष्टि और रोज प्रकट करती मूछें —मेरे साथी न बताया, 'देखो यह है प० किशोरीदास वाजपेयी।

उन्ही की चचा तो मैं कर रहा था। गदगद होकर बोला 'मैं इनसे मिलूगा।

मिल लना दुर्वासा के अवतार हैं। हमेशा युद्ध छेडे रहते है।

तब से लेकर आजतक उनके बारे म यही कुछ सुनता आ रहा हू। रुद्र-रूप परशुराम और दुर्वासा के अवतार चुनौतिया देते हैं और ध्वस करते ह।

लेकिन रुद्र दुर्वासा परशुराम सब ही तो शकर से जुडे रहे थे और शकर शिव भी है औघडदानी, भोले भण्डारी। वे ताण्डव नत्य करत है तो वर भी दत है। जो अकल्याणकर है उसका नाश करत है। जो कल्याण-कर है उसका निर्माण करत ह। डा० राममनोहर लोहिया स एक बार मैंने पूछा था, आप मात्र ध्वस की बात करते रहते ह। निर्माण के बारे मे नही सोचत ?

एक क्षण मौन रहकर तीव्र स्वर म उन्होने कहा था, पहले ध्वस कर लू, तभी तो निर्माण होगा।'

तो हर निर्माण से पहले ध्वस अनिवाय है। ध्वस और

ही प्रक्रिया के दो रूप हैं।

वाजपेयी जी के जीवन का सम्यक् अध्ययन करने पर पता लगेगा कि उनकी मूल प्रवृत्ति में निर्माण की ही कामना निहित है।

प्रथम 'विश्व हिन्दी सम्मेलन' के अवसर पर किसी प्रसंग में जब डाक्टर विजयेन्द्र स्नातक ने घोषणा की कि हिन्दी वर्तनी की समस्या लगभग सुलझ गई है तो दर्शकों की अग्रिम पंक्ति में बैठे वाजपेयी जी तीव्र प्रतिवाद करते हुए उठ खड़े हुए बोले 'लगभग नहीं, मैंने उसे पूरी तरह सुलझा दिया है।'

डाक्टर स्नातक ने बड़े आदर के साथ अपनी बात समझानी चाही क्योंकि पूर्ण तो कुछ नहीं है, पर वाजपेयी जी अडिग थे और अपनी बात कहते कहते वे मंडप से बाहर चले गए। इस घटना को सम्मेलन के विरोधियों ने बहुत उछाला। वाजपेयी जी यदि ध्वंस में विश्वास करनेवाले होते तो इस बात में बड़े प्रसन्न होते परन्तु उन्होंने इस प्रवृत्ति का विरोध करते हुए सम्मेलन को अभूतपूर्व सफल घोषित किया।

वाजपेयी जी का प्रारम्भिक जीवन त्रासदायक घटनाओं से जूझते बीता है। बहुत कच्ची आयु में माँ तथा अन्य प्रियजनों का विछोह सहना पड़ा उन्हें। फिर क्या नहीं किया उन्होंने! भैंसें चराईं, चाट बेची, मिल में मजदूरी की, पर सरस्वती मन्दिर की पुकार अनसुनी न कर सके। उनका कार्यक्षेत्र अनेक करुण कहानियों से आप्लावित है तथा उसके बाद का भारत के अनेक नगरों को अपने में समेटे हुए है। गोविन्द से किशोरीदास बनने तक की कहानी संघर्ष की अद्भुत कहानी है। अन्त में आकर जीवन की नौका कनखल की गंगा के किनारे आकर लगी।

इन पत्र के माथ अपन प्रिय लेखक थोरो की एक उक्ति भेजना वह नही भूल।

'मनुष्य मात्र के लिए किसी भी रूप मे यदि मनुष्य कुछ कह सक्ता या कर सक्ता है तो यही है कि वह अपन प्यार की कहानी कहता रहे, गाता रह। और अगर वह सौभाग्यशाली है और जीवित रहता है तो वह सदा प्रममय ही रहगा।

ना चतुर्वेदी जी के प्रेम की वह कहानी ही मैंने कही है। उनका आलोचक होन का दुस्साहस मैं नही कर सक्ता। यही कामना करता हू कि अपन पत्रो द्वारा व इसी अलभ्य प्रेम की वर्षा करत रहें

# पाण्डेय बचन शर्मा 'उग्र'

उस दिन चिता पर रखे हुए उनके पार्थिव शरीर को अंतिम प्रणाम किया तो सहसा विश्वास नहीं आया कि वे अब फिर नहीं बोलेंगे। ऐसा लगा कि जैसे सो रहे हों। कुछ क्षण में उठ बैठेंगे और अपनी उग्र भाषा में भाषण देना आरम्भ कर देंगे। उग्रजी का व्यक्तित्व असामान्य था। वह कभी भी भीड़ में एक बनकर नहीं रहे। उनके अंतमन में कुछ ऐसी ग्रंथियाँ थीं जो उन्हें सदा उद्वेलित और असंयत बनाए रखती थीं। यदि वह लीक पर चलते तो उग्र कैसे होते ?

उनसे मिलने से पूर्व मैं उनकी प्रतिभा का कायल हो चुका था। तब शायद विद्यार्थी ही रहा हूंगा। दिल्ली की मारवाड़ी लाइब्रेरी में 'चन्द हसीनों के खतूत' पढ़ने बैठा तो पढ़कर ही उठा। पुस्तक बहुत बड़ी नहीं है, परन्तु उसकी भाषा उसकी शैली और उसके दर्द ने मेरे किशोर मन को अभिभूत कर दिया। आज भी याद है ... दिन तक रहा था। कई व्यक्तियों से उसकी चर्चा ... ण उस मुझे याद नहीं है लेकिन विभोरता की ... अंकित है।

इस काट रही है। यह उसे झेल नहीं पा रहा। गालियां उसी नपुंसक भाव का प्रतीक हैं। आज भी मेरी यही मान्यता है। उनकी भाषा में जितना रोष आक्रोश था और वाणी में जितनी उग्रता और अभद्रता थी, अंतर में वह उतने ही दुर्बल थे। और उस दुर्बलता को छिपाने के लिए आज की चाशनी चढ़ाते रहते थे। शीशे पर चांदी चढ़ जाती है तो वह दर्पण बन जाता है। लेकिन उस दर्पण में आदमी अपने को ही देखता है। और जैसा देखना चाहता है वैसा ही देखता है। असली रूप को नहीं देख पाता।

उसके बाद उनको खूब पढ़ा। उनसे बार-बार मैं जाना, उनसे मिला। प्रशंसा और निन्दा दोनों ही उनमें पाई। लेकिन अपनी राय बदलने का अवसर नहीं पाया। हमेशा यही लगा कि इस व्यक्ति को पारखियों ने पहचानने में गलती की है। और प्रतिक्रियास्वरूप इसने अपनी उपस्थिति का अनुभव कराने के लिए इस अनगढ़ उग्रता को ओढ़ लिया है।

उनका लेकर घासलेटी साहित्य के विरुद्ध एक आंदोलन चला। तत्कालीन समाज की जो स्थिति थी और आर्यसमाज का घोर ब्रह्मचर्य वाला जो अतिसंयमी आचरण तत्कालीन प्रबुद्ध मानस का ग्रस हुए था, उसमें उग्र जैसे व्यक्तियों को कोई कैसे समझ सकता था। बड़े उग्र रूप में उन्होंने समाज पर चोट की और नग्नता को कला के झीने आवरण से ढकने का प्रयत्न नहीं किया। बहुत वर्षों बाद 'चॉकलेट' का फिर से प्रकाशन हुआ। उन कहानियों को पढ़कर मैं उस पुराने आंदोलन से सहमत नहीं हो सका। निश्चय ही वे शिल्प की दृष्टि से सुन्दर रचनाएं नहीं थीं। लेकिन उनका उद्देश्य अश्लीलता का प्रचार करना भी नहीं था। उस पुस्तक की रिव्यू करते हुए मैंने ये दोनों बातें लिखीं। न जाने उग्र जी को कैसे पता लग गया कि यह सब मैंने लिखा है। अचानक एक दिन कनाट सर्कस में उनसे भेंट हो गई। बिना किसी भूमिका के मेरी ओर बड़ी गम्भीरता से देखते हुए उन्होंने कहा 'तुमने बड़ी संतुलित आलोचना की है। ठीक ही लिखा है।'

मैं जानता हूं वह बहुत प्रसन्न नहीं थे। लेकिन इन शब्दों ने मेरी उस धारणा को और भी पुष्ट किया कि इस आदमी को किसी ने समझने का प्रयत्न नहीं किया और यह भी कि यह व्यक्ति समझे जाने की अपेक्षा

रखता है। हर व्यक्ति रखता है। लेकिन कुछ हैं कि उपेक्षा पाकर अपक्षा की चि ता नही करते और कुछ होते हैं कि उनके भीतर तीव्र प्रतिक्रिया होती है। तीव्र प्रतिक्रिया सदा ताडती है।

उग्रजी की व्यग्य करने की क्षमता और उनकी अनोखी शैली का विवेचन करन का यह अवसर नही है। मेरा ध्यान उनके व्यक्तित्व पर ही जाता है। उनकी भापा को न सह पाकर भी उनके उग्र अहम और गतिमय व्यक्तित्व न सदा मुझे प्रभावित किया। नवम्बर 1949 मे मैं मिर्जापुर गया था। उन दिना उग्रजी वहा रहते थे। अपन अग्रज के साथ मैं उनस मिलन पहुचा। 9 वष बाद मैं उनस मिल रहा था। तब का वह मिलना भी क्षणिक ही था। लेकिन वह तुरत पहचान गए और बडे स्नेह के साथ स्वागत किया। बैठन के लिए कुर्सिया उठाकर लाये। खूब ससमरण सुनाय। भोजन के लिए निमयत्रण दिया। कहा, "म तुम्हे पकवान नही खिला सकता। प्रेम के साथ ज्वार बाजरे की रोटी खानी है तो स्वागत है।"

उनका वह स्नह भरा निमनण स्वीकार करक हम खुशी हाती, लेकिन चूकि हम आगे जाना था इसलिए उस सौभाग्य मे वचित रह गए। पर बाता म बडा आनन्द आया। तत्कालीन साहित्य और साहित्य के तथा कथित नताओ को लेकर उन्हाने जो कुछ भी कहा वह रचमात्र भी अनगल नहीं था। सटीक था। मुझे एसा लगा जैस व अब कुछ गम्भीर हो गए हैं। जस बुद्धि को कुछ स्थायित्व मिल गया है। गालिया भी कम हा गई हैं। कहीं थक तो नही गए। लेकिन सिन जीवन के ससमरण सुनात हुए जब उ हाने प्रसिद्ध अभिनत्री श्रीमती दुर्गा खोट की चचा की और बताया कि उसन एक दिन मुझ मे सट पर ही एक सम्बोधन बदलन के लिए कहा। वह चाहती थी कि अमुक व्यक्ति को उससे प्रिय न कहलवाया जाए। उस समय उग्रजी अपनी चिरपरिचित आवरणहीन उग्र भापा का प्रयोग करने लग। श्रीमती दुगा खाटे और अपन लिए उन्होन मना का प्रयाग किया, न सवनाम का। विशुद्ध पुल्लिग और स्त्रीलिंग पर आ गए।

मैं तब तक आयसमाज के अतिसयमी प्रभाव स काफी मुक्त हो चुका था। लेकिन फिर भी अग्रज की उपस्थिति मे एक और अग्रज के मे इस प्रकार की भापा सुनकर मकपका गया। लेकिन उग्र यह

बोल तो उन्हें पहचान कौन ?

कई वर्ष बाद वे दिल्ली आकर रहने लगे । तब उनसे बहुधा मिलना होता था । कनाट सर्कस के बरामदों में बहुत बार उनके साथ सैर की है । मित्रों और अग्रजों के प्रति उनके आक्रोश को भद्दी भद्दी गालियों में बहते हुए देखा है । मुझे देखते ही वह छींटाकशी करने में नहीं चूकते थे । जैसे एक दिन बोले 'क्या यह छिले हुए आलू जैसा चिकना चिकना मुंह लिए हुए घूम रहे हो ।"

एक बार तो मुझ से इतने अप्रसन्न हुए कि तीव्र भर्त्सना का पत्र लिख भेजा । मई, 1957 में भारत के प्रथम स्वाधीनता संग्राम की शताब्दी मनाई गई थी । उस अवसर पर आकाशवाणी से अनेक रूपक प्रसारित हुए थे । सबसे पहला रूपक मैंने ही लिखा था । उसका बहुत सीमित क्षेत्र था । मुझे उसकी पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालना था । सामग्री बहुत कम उपलब्ध थी । और फिर वह एक डाकूमेण्ट्री रूपक ही तो था । संयोगवश वह साप्ताहिक हिन्दुस्तान में भी छपा । उग्रजी ने उसे पढ़ते ही तुरन्त मुझे वह भयानक पत्र लिखा । साथ ही साथ सम्पादक को भी खरी खोटी सुनाई । उसका सम्बोधन इस प्रकार था दसों जी महाशय विष्णु प्रभाकर । और अपने हस्ताक्षर इस प्रकार किये थे — वही उग्र (चर्वनिया पाठक)' ।'

*पत्र में मेरे नाम के साथ एक श्री के स्थान पर दस बार श्री लिखा* था । मैं जानता था कि वह साप्ताहिक हिन्दुस्तान के सम्पादक श्री बांके बिहारी भटनागर से अप्रसन्न हैं । शायद मेरे द्वारा की गई चार्लट की आलोचना से भी वह अप्रसन्न हुए हों अन्यथा रेडियो के आदेश पर लिखा गया वह रूपक इस योग्य नहीं था कि उसकी चर्चा की जाती । फिर भी मैंने अपनी स्थिति स्पष्ट करते हुए उन्हें पत्र लिखा । परन्तु न तो उन्होंने उसका कोई उत्तर दिया न मिलने पर ही इस बात की चर्चा की । उसी तरह मुक्त भाव से मिलते रहे । एक बार मैंने उनसे कहा, 'उग्रजी कृपया आप एक बार मेरे गरीबखाने पर भोजन करने पधारिये ।"

तब वह पान की दूकान पर पान खा रहे थे । एक पान मेरी ओर भी बढ़ाया । बोले सोच लिया है ?'

मैंने कहा, "इसमें सोचने की क्या बात है ? आप अग्रज हैं आपको आना चाहिए।"

वह मुस्कराए। केवल इतना ही कहा "ठीक है अच्छा ।"

लेकिन सहसा दूसरे व्यक्ति की ओर देखकर उन्होंने कहा 'हम बहुत से लोग घर पर बुलाते हुए डरते हैं।

उस व्यक्ति ने पूछा क्यों ?'

तलखी से बोले साला के घर में जवान लडकियाँ बहुएं जो होती हैं।'

मैं स्वीकार करूंगा कि मुझे यह सब अच्छा नहीं लगा। लेकिन उग्र जी तो उग्रजी थे। उनको अप्रतिभ होते मैंने एक ही बार देखा। आकाश वाणी पर कवि सम्मेलन था। दिल्ली के सभी प्रमुख साहित्यकार निमन्त्रित थे। उग्रजी थे, दद्दा मैथिलीशरण गुप्त भी थे। सम्मेलन समाप्त होने पर अपने स्वभाव के अनुसार दद्दा सबसे मिलते घूम रहे थे। मैंने कहा 'दद्दा उग्रजी भी आए हैं।"

दद्दा तुरन्त यह कहते हुए 'कहाँ हैं ?" उनकी ओर लपके और उन्हें सामने पाकर बड़े स्नेह से उनसे बातें करने लगे। कुशल समाचार पूछा और बोले, कभी गरीबखाने पर जूठन गिराने आइये न ?"

उग्रजी ने क्या जवाब दिया था ठीक शब्द याद नहीं हैं। निश्चय ही वह मधुर उत्तर था। लेकिन चलते चलते एकाएक दद्दा बोले महा-राजजी आपने अपनी प्रतिभा का बडा दुरुपयोग किया है।

उग्रजी हतप्रभ से देखते ही रह गए और दद्दा आगे बढ गए। यद्यपि इस स्पष्टता के पीछे स्नेह ही था फिर भी इसके दंश में कचोट तो थी ही पर उग्रजी एक शब्द नहीं बोले। शायद दद्दा के प्रति आदर के कारण शायद स्थिति की आकस्मिकता के कारण।

अंतिम बार मैं उनसे जयपुर में मिला था। तब उन्हें पहली बार दिल का दौरा पडकर ही चुका था। एक छोटे से कमरे में वे लेटे थे। आसपास कई मित्र थे। उन्हें देखकर यह नहीं लगता था कि वह अस्वस्थ हैं। वैसा ही जीवन, वही मुक्तता। मुझे देखकर वह उठ बैठे और काफी देर तक बड़े स्नेह से बातें करते रहे। स्नेह उनमें निश्चय ही था परन्तु

उनका व्यग्य विद्रूप वाला रूप इतना उभरकर सामने आता था कि शप सब कुछ उसमे छिपकर रह जाता था। वह मानो प्रतिक्षण बदला लने की भावना स प्रेरित रहते थे। उनके साहित्य की शक्ति बेशक व्यग्य पर आधारित थी लेकिन उनम और भी गुण थे। वह तीव्र समाज सुधारक और खरे दशभक्त थ। विस्तार के बावजूद शलीकार के रूप मे वह सदा जीवित रहग। चन्द हसीनो के खतूत' महात्मा ईसा, बुधवा की बेटी' और अपनी खबर जैसी उनकी रचनाए उनकी प्रतिभा का जयघोष करती रहगी। उसकी मा जैसी उनकी कहानिया उनके उस रूप का उजागर करती है जिसकी ओर हमारा ध्यान नही गया है।

वस्तुत उनका व्यक्तित्व अदभुत मनोग्रथियो का समूह था। उन्होन जिस स्नह समादर की अपक्षा की वह उन्हे न तो जीवन मे मिला न साहित्य म। वह जीवन भर अविवाहित रह, पर उस स्थिति को सह नही पाये। वह उन आक्रमणो की उपेक्षा भी नही कर सके जो उन पर हुए। अन्तर म टूट जान पर भी अपनी उपस्थिति का अनुभव कराने का कोई अवसर वह नही चूके। इसीलिए उनका व्यग्य दश अत्यन्त विपला और किसी सीमा तक दिशाहीन भी हो उठता था। लेकिन जसे झाग के नीचे शुद्ध सलिल बहता है उसी तरह उनके इस अनगढ़, अनियत्रित जीवन के पीछे एक सशक्त लेखक, एक दशभक्त और एक स्नेही मनुष्य का हृदय भी छलकता था। उन्होन नये सिरे स फिर लेखनी उठाई थी। पर काल भगवान अचानक ही उन्हें हमारे बीच से उठा ले गए। लेकिन साहित्य क इतिहास म वे सदा जीवित रहग।

# श्री सुदर्शन

जस ही सुदशन शब्द मस्तिष्क पर अकित होता है, मुझे हिमालय के ढलाना पर उग हुए चीड के वक्षा की याद आ जाती है। वही सुदीघ देह-यष्टि वही तन-मन को प्राणवायु से पुलकित कर देने वाला वातावरण। जहा व होत उ मुक्त अट्टहास वातावरण को आलाडित कर दता और मरघट की खामोशी महफिल की रगीनी म तबदील हो जाती। न जान कितने चुटकुले उ ह याद आते रहते। न भी आत तो हर बात को चुट कुलो के अदाज म कहते और तब बरबस ही सब हँस पडते। जब वे गभीर भी होते ता उनके बोलने का ढग इतना प्रभावशाली रहता कि सभी मत्र-मुग्ध हा उठते। सघष की कडवाहट उनके मजलिसी मानस को कभी परा-भूत नही कर सकी, बल्कि वही तो उनकी सहज उ मुक्तता का कारण बनी।

'हिंदी साहित्य सम्मेलन के वाराणसी अधिवेशन मे उनका पहली बार देखा था। वे कहानी सम्मेलन के अध्यक्ष बनकर आए थे। स्वागता-ध्यक्षा थी श्रीमती शिवरानी दवी। सुदशन और प्रमचद दोनो अभिन्न मित्र थे। सुदशन उदू के 'चदन के सम्पादक थे और प्रेमचद हिन्दी के 'हस के। दोनो एक दूसरे की कहानियो का अनुवाद एक दूसर के पत्रा म छापा करत थे और जब कभी एकसाथ बैठन का अवसर मिलना ता अपने उन्मुक्त अट्टहास स आसपास क वातावरण का खुशियो स भर दत।

उस दिन मैं श्रीमती शिवरानी दवीजी के पास बठा था कि दखता हू अनेक व्यक्ति वहा प्रवेश करत हैं। उनम सब स आग है इकहरे बदन का

एक लम्बा पुरुष। हाथ में छड़ी, नंगा सिर, बड़े फ्रेम के चश्मे के पीछे से झाकती मर्मभेदी आखें और लम्बे चेहरे पर आकर्षक मुसकान। श्रीपतराय ने बताया कि ये श्री सुदर्शन हैं। क्षण भर में प्रांगण कहकहों से भर उठा मानो जिंदगी छलक उठी। बम्बई में, दिल्ली में—जब भी देखा वही रूप, वही रंग। दूरी रखना तो जैसे वे जानते ही नहीं थे।

उनका जन्म 1896 ई० में स्यालकोट में हुआ था। कहा करते थे कि मेरे जन्म का वर्ष बहुत महत्त्वपूर्ण है। इसी वर्ष 'चंद्रकांता-संतति' का प्रकाशन हुआ था। उनके पिता मध्यवित्त परिवार के कर्मकांडी ब्राह्मण थे परंतु वे हुए क्रांतिकारी आर्यसमाजी। उस युग में आर्यसमाज सच मुच एक क्रांतिकारी संस्था थी।

उनके बोलने का ढंग इतना आत्मीय और आकर्षक होता था कि अनेक युवक इसी कारण आर्यसमाज की ओर खिंच आते थे।

उनकी मातृभाषा पंजाबी थी। लिखना उन्होंने उर्दू में शुरू किया। और प्रेमचंद के समान शीघ्र ही हिंदी के क्षेत्र में आ गए। जब वे आठवीं कक्षा में पढ़ते थे तब उन्होंने एक कहानी लिखी थी और लाहौर में छपने वाले एक उर्दू रिसाले में भेज दी थी। कई महीने बाद वह कहानी छपी। तब तक वे उसे भूल चुके थे। एकाएक एक दिन उनके हेडमास्टर ने प्रार्थना के बाद सारे स्कूल के सामने उन्हें पुकारा, "आठवीं क्लास का विद्यार्थी बद्रीनाथ यहां आ जाए।'

सुदर्शन जी का वास्तविक नाम बद्रीनाथ ही था। डरते डरते बालक बद्रीनाथ हेडमास्टर के पास पहुंचा, पर वे तो क्रुद्ध होने के स्थान पर उस के सिर पर हाथ फेरकर बोले, 'शाबाश बद्रीनाथ, तुमने अपने स्कूल का नाम रोशन किया है।

इतना कहकर उन्होंने उस रिसाले में छपी उनकी कहानी को पूरा पढ़ा, सम्पादक का वह नोट भी पढ़ा जिसमें उसने बालक बद्रीनाथ की प्रशंसा करते हुए लिखा था कि एक दिन उर्दू साहित्य में इसका नाम चमकेगा।

उनके हिंदी में आने की कहानी बड़ी रोचक है। वे उर्दू जानते थे, लेकिन उनकी पत्नी जानती थीं हिंदी। वे कन्या महाविद्यालय जालंधर

भी वे नहीं चूके। और व मात्र साहित्य म ही प्रहार करके नहीं रह गए, अपन जीवन म भी उन्होन रूढिया और अधविश्वासा स लोहा लिया। विवाह के पश्चात निश्चय हुआ कि उनके घर म परदा नहीं रहगा, लेकिन जिस समय श्रीमती सुदशन घर के बड़े बूढ़ो के सामन खुले मुह आइ तो जसे तूफान आ गया। उन्हान उसी समय घर छोड दन का निश्चय कर लिया परन्तु झुकना स्वीकार नही किया। यही उनके सघषमय जीवन का आरम्भ था। यही सघष उनके साहित्य म भी प्रतिबिंबित हुआ। उनक सामने एक आदश था जीवन को उदात्त बनान का। इसी दष्टि म किसी न किसी आदशवादिता के आधार पर उन्हान अपनी कथाओ का ताना-बाना बुना। उनकी प्रसिद्ध कहानी 'हार की जीत' मे एक वाक्य आता है— लोगो का यदि इस घटना का पता चल गया तो वे किसी गरीब का विश्वास नही करेंगे। दुनिया म विश्वास उठ जाएगा।' इसी आदश-वादिता के आधार पर उन्होन इस कहानी म बाबा भारती और डाकू के चित्र तथा घटनाओ की कल्पना की है और अपनी सहज सरल बामुहावरा भाषा म उन्ह चित्रित किया है। उनकी कहानिया म नतिक मूल्यो के आदश उभरे हैं लेकिन उन्होने उनको यथाशक्ति कलात्मक रूप दने का प्रयत्न किया है। वह युग ही हृदय-परिवतन का था, परन्तु वे नग्न यथाथ को भूल ही गए हो, ऐसी बात नही। 'घोर पाप'-जैसी कहानिया इसका प्रमाण हैं।

उनको वातावरण प्रधान कहानियो मे 'प्रसाद' का कवित्व नही है, यथाथ की गरिमा है। मनोविश्लेषण भी नही है क्योकि मानव मन के अधकूपो म पहुचन का माग उस युग म खोजा नही जा सकता था। वे उदू म हिंदी मे आए थे। इसलिए उनकी भाषा सरल और चुभती हुई है। उसम उर्दू की रवानी है और उसके मुहावरा का सफल प्रयोग भी। 'कमल की बेटी' 'ससार की सबसे बडी कहानी' 'हार की जीत' 'एथेंस का सत्यार्थी' 'कवि की पत्नी' 'पत्थरो का सौदागर' और 'न्यायमत्री' आदि उनकी कुछ कहानिया किसी न किसी समय लोकप्रिय रही है। उनकी अपनी दष्टि मे उनकी सवश्रेष्ठ कहानी है 'बाप का हृदय'।

उपन्यास के क्षेत्र मे उनकी प्रतिभा विशष विकसित नही हुई। लेकिन

नाटक क क्षेत्र मे, विशेषकर सिने नाटक के क्षेत्र मे, वे बहुत लोकप्रिय हुए। रग नाटको मे 'अजना , 'सिक दर' और 'भाग्यचक्र उल्लेखनीय है। भाग्यचक्र के आधार पर सुप्रसिद्ध फिल्म डायरेक्टर बरुआ न बगला म चलचित्र बनाया था। यह पहला चलचित्र था जिसे किसी बगाली निर्देशक ने हिंदी कथा के आधार पर बनाया। बगाली इसस बहुत अप्रस न हुए। उ होन पत्रा म इसके विरुद्ध आ दोलन भी किया।

भाग्यचक्र हिंदी मे धूप छाव के नाम स निर्मित हुई थी। स्वाधीनता सग्राम की पष्ठभूमि पर रचित सिक दर' उनकी एक और सशक्त रचना है। इसके आधार पर बना चलचित्र भी अत्यत लोकप्रिय हुआ। 'पथ्वी-वल्लभ पडोसी पत्थरो का सौदागर, परख और 'कुदन उनके अनक चलचित्रा म से कुछ हैं जा लोकप्रिय हुए है।

बाल और किशारोपयोगी साहित्य लिखने म भी उ होन काफी रुचि दिखाइ। अनुवाद भी किए, लेकिन गोष्ठी कथा कहन म उनकी तुलना शरतचद्र चट्टोपाध्याय से ही की जा सकती है। उनकी कल्पना शक्ति अदभुत थी। ऐस बोलत थे मानो आखा देखी घटना का वणन कर रह हो। काश सुदशन की एमी कथाओ का सकलन हुआ होता ! टेलीविजन पर उनका यह रूप देखकर ही लोग मुग्ध हो उठे थे। शरतचद्र की तरह सुदशन को भी बढिया पन रखने का शौक था। बच्चा के बीच बैठकर वे कहानिया और कविताए सुना सुनाकर इतना हँसाते थे कि बच्चे हटन का नाम नही लेत थ।

उ हाने जीवन भर सघप किया। स्यालकोट म ज म लेकर सुदूर बबइ मे जाकर बस। बीच मे कहा-कहा नही घूमे, क्या क्या नही किया ! कैसी तगी और लाचारी मे दिन बिताए ! लेखक के रूप मे प्रसिद्ध हो जान पर भी आर्थिक अवस्था दिन पर दिन गिरती ही गई। लकिन उ होन किसी क आगे हाथ नही फैलाया।

घर मे खान के लिए कुछ भी नही है। वे उदास है। तभी उनक एक धनी मित्र आते हैं। कोई थिएटर-कम्पनी शहर मे आई है। मित्र कहत हैं—"आज हम सब लाग नाटक देखन के लिए चलेंगे। मैंन टिकट खरीद लिये हैं।"

सुदर्शन जी इनकार कर देते हैं, लेकिन वे मित्र नहीं मानते। कहते है— 'आप नहीं जाएंगे तो कोई नहीं जाएगा। मैं इन टिकटों को जला दूंगा।'

उनकी पत्नी किसी तरह कह सुनकर उन्हें भेज देती हैं। थियेटर में पहुंचते ही वे सब-कुछ भूल कर हँसी मजाक में डूब जाते हैं। मध्यान्तर आता है। मित्र पूरी और मिठाई मंगवाते हैं। पंडितजी उद्विग्न हो उठते हैं— मैं लड्डू पूरी खाऊंगा! घर पर पत्नी और बच्चे बिलबिला रहे हैं

किसी तरह नाटक खत्म होता है। घर आकर पत्नी से कहते है, अच्छा हुआ तुमने मुझे नाटक देखने भेज दिया। खूब लड्डू पूरियां खाकर आया हूं।'

पत्नी हँस कर उलाहना देती है अकेले अकेले खा आए!

'जी नहीं,' पंडितजी जेब में हाथ डालते हैं और लड्डू निकाल कर कहते है, 'ये आपके लिए चुपचाप जेब में डाल लिए थे।"

पत्नी मुसकराकर कहती हैं, "तो आप चोरी भी करने लगे!"

पंडितजी उत्तर देते है "अगर मैं चोरी न करता तो कसाई होता।'

दो वर्ष के लिए कानपुर की लालइमली फर्म में नौकर हो गए है। गांधीजी का सविनय अवज्ञा आन्दोलन आरम्भ हो जाता है। पत्नी जुलूस का नेतृत्व करने के लिए घर से निकल पड़ती है। वे स्वयं जेल तो नहीं जा पाते, परन्तु नौकरी से हाथ अवश्य धो बैठते है। उन्हें इस बात का सतोष है कि उनकी पत्नी देश के स्वतन्त्रता संग्राम में भाग ले सकती है। भले ही भूख का देवता उनके परिवार को फिर से अपने आवरण में ले लेता है! वे मानते है कि साहित्यकार अपनी रचनाओं के माध्यम से ही देश का मार्गदर्शन करता है। सुप्रभात में संग्रहीत कहानियों में देश पर मर मिटने की आग तथा शासकों के उग्र अत्याचार का विशद रूप उभरा है।

अंतत वे बम्बई में आकर बसे और सफल हुए। प्रेमचंद भगवतीचरण वर्मा भगवतीप्रसाद वाजपेयी, यहां तक कि पाण्डेय बेचन शर्मा 'उग्र' जैसे लेखक भी जिस क्षेत्र में नहीं टिके वहां उनका सफल होना इस बात का प्रमाण है कि वे मात्र आदर्शवादी नहीं व्यवहारकुशल भी थे। इसीलिए

वे उस गदी दुनिया म भागे नही परन्तु उसमे डूब भी नही । उ होने अपन चारो ओर एक लक्ष्मण-रेखा खीच ली थी। उसको लाघन का उ होन कभी प्रयत्न नही किया—जैसे वे कभी किसी महिला मित्र कलाकार के साथ कार म भी नही बैठे ।

आज ये सब बातें उपाहासास्पद लगती है, लेकिन जिस वातावरण म वे जिए थे वहा एसी बातो का निश्चित ही मूल्य था । यह भी ठीक है कि इस प्रकार की वजनाओ ने उनके अ तर के कलाकार का धूमिल ही किया। यदि वे फिल्म-ससार म न जान तो शायद उनका कलाकार मुक्त होकर प्रकाश की ऊचाइया का छू सकता। जीवन की विवशता व्यक्ति की सहज आस्थाओ और आकाक्षाओ का इसी प्रकार कुठित कर देती है । लकिन यह भी सत्य है कि ये कुठाए उनके जीने की चाह को कभी नही कुचल सकी । इसीलिए वे अन्त तक मुक्तकण्ठ से हँसत रह और उनकी सारी व्यथाए उस हँसी म डूबती रही । उ हाने नये आन्दोलना का कभी विरोध नही किया ।

किसी ने उनसे पूछा था कि उनकी दष्टि म उनकी सवश्रेष्ठ कहानी कौन सी है ? उ होने कहा था—'मरा सीधा उत्तर यह है कि मेरी सव-श्रेष्ठ कहानी वह है जो अभी तक लिखी नही गई, अर्थात जो अभी कल के गभ म है और कल का मतलब वह कल है जिसके बाद दूसरा कल न हो और सवश्रेष्ठ कहानी का मतलब वह कहानी है जिसस बढकर और कहानी लिखी जाने की सभावना न हो। इसलिए मैं इस प्रश्न का उत्तर तब द सकता हू जबकि मैं यह निश्चय कर लू कि आज स लिखना ब द कर दिया।'

लेकिन यह निश्चय करने क पूव वे स्वय ही अतीत बन गए । परन्तु क्या वे इस प्रश्न का उत्तर नही दे गए ? क्या उन्होने यह प्रमाणित नही कर दिया कि वे अन्तिम क्षण तक लिखने की कामना रखत थे और किसी रचना की श्रेष्ठता का निणय पाठको की अदालत म ही हो सकता है लेखक के मस्तिष्क म नही ।

# भवानी प्रसाद मिश्र

किसी को जानने का दावा सचमुच बड़ा दम्भ है। इसलिए इसमें आश्चर्य की कोई बात नहीं होनी चाहिए कि प्रत्येक दम्भी व्यक्ति की तरह यदि मैं भी किसी और के बारे में लिखने का दावा लेकर अपने ही बारे में लिखने लगूं।

नाना कारणों से मैं तटस्थता की अजगरी वृत्ति का शिकार हो गया हूं। समझने लगा हूं कि यही एक मात्र शक्ति का मार्ग है लेकिन साथ ही यह अनुभव भी मुझे हुआ है कि इसी वृत्ति के कारण एक अजीब सी सर्वग्रासी उदासी ने मुझे घेर लिया है। ऐसी स्थिति में एक दिन सहसा पढ़ने को मिली एक कविता 'अकेला तो सूरज भी नहीं है'।

उदास इस एकांत में
शाम छुहाआ
इस सहज शांत में।
चला उतर कर नीचे की सड़क पर
जहां जीवन सिमट कर बह रहा है
साहस की दिशा में।
जहां अनकिया प्रेम
कल्पनाओं पर तरल है
सबके बीच में
जीवन सरल है
उदास

दामन छुड़ाओ इस महज शान्त से
जो न शक्ति देता है न श्रद्धा।
सिर्फ उदास बनाता है
कूटस्थ रहने से
कुछ नहीं बनेगा
न तटस्थ रहने से
समष्टि को जीने में, सहने में
जीता है आदमी।
अकेला तो सूरज भी नहीं है
उससे ज्यादा अकेलापन
तुम चाहोगे?
मृत्यु तक तटस्थता निभाओगे?
सिमट कर बहने हुए जीवन में उतरो
घाट से हाट तक
हाट से घाट तक आओ जाओ
तूफान के बीच गाओ
मत बैठो ऐसे चुपचाप तट पर।
तटस्थ हो या कूटस्थ हो
इससे फर्क नहीं पड़ता।

पढ़ कर रोमांचित हो आया था। जैसे कवि ने मुझे ही लक्ष्य करके कहूँगा सम्बोधित करके यह कविता लिखी है। इतना महत्त्व दिया है मुझे कवि ने, पर मैं जानता हूँ मैं अकेला कहाँ हूँ। मेरी एक पूरी जाति है। वही पूरी जाति कवि के उद्बोधन की परिधि में है, लेकिन मैं तो अपनी बात जानता हूँ। यह कविता पढ़कर एक असीम कृतज्ञता कवि के प्रति मेरे रोम राम में उमड़ आई थी। कवि के और पाठक के बीच का यह कृतज्ञ अपनापन ही तो कवि की पवित्र सम्पत्ति है।

कवि मेरे अपरिचित हों सो बात नहीं है। उससे पहले भी अनेकानेक कविताएं उनकी पढ़ चुका था पर यह एक थी कि मन को छू गई क्योंकि कवि की और मेरी अनुभूति एक थी। कवि मेरा अपना था।

# भवानी प्रसाद मिश्र

किसी को जानने का दावा सबस बडा दम्भ है। इसलिए इसमे आश्चय की काई वात नही होनी चाहिए कि प्रत्येक दम्भी व्यक्ति की तरह यदि मै भी किसी और के बारे म लिखने का दावा लेकर अपन ही बारे म लिखन लगू।

नाना कारणो से मैं तटस्थता की अजगरी वत्ति का शिकार हो गया हू। समझन लगा हू कि वही एक मात्र शक्ति का माग है लेकिन साथ ही यह अनुभव भी मुझे हुआ है कि इसी वत्ति के कारण एक अजीव सी सवग्रासी उदासी ने मुझे घेर लिया है। ऐसी स्थिति म एक दिन सहसा पढन को मिली एक कविता 'अकेला तो सूरज भी नही है।"

उठा इस एकान्त से
दामन छुडाओ
इस महज शान्त स।
चलो उतर कर नीचे की सडक पर
चलो जीवन सिमट कर बह रहा है
साहस की दिशा मे।
जहा अर्तकित प्रेम
कठोरताओ पर तरल है,
सबके बीच म
जीवन सरल है
उठा इस एकान्त से

दामन छुडाओ इस महज शा त स
जो न शक्ति देता है न श्रद्धा ।
सिफ उदास बनाता है
कूटस्थ रहने स
कुछ नही बनेगा
न तटस्थ रहने स
समष्टि का जीने म, सहन से,
जीता है आदमी ।
अकेला तो सूरज भी नही ह
उससे ज्यादा अकेलापन
तुम चाहोगे ?
मत्यु तक तटस्थता निभाओग ?
सिमट कर बहन हुए जीवन म उतरो
घाट स हाट तक
हाट स घाट तक जाओ जाओ
तूफान के बीच गाओ
मत बठो ऐस चुपचाप तट पर।
तटस्थ हो या कूटस्थ हो
इससे फक नही पडता ।

पढ कर रामाचित हो आया था। जिस कवि न मुझे ही लक्ष्य करके कहूगा सम्बोधित करके यह कविता लिखी है । इतना महत्त्व दिया है मुझे कवि न, पर मैं जानता हू मै अकेला कहा हू । मेरी एक पूरी जाति है । वही पूरी जाति कवि के उदबोधन की परिधि म है लेकिन मैं तो अपनी बात जानता हू । यह कविता पढकर एक असीम कृतज्ञता कवि क प्रति मेर रोम-रोम मे उमड आई थी । कवि के और पाठक के बीच का यह कृतज्ञ अपनापन ही तो कवि की पवित्र सम्पत्ति है।

कवि मेरे अपरिचित हो सा बात नही है। उसस पहल भी अनकानक कविताए उनकी पढ चुका था पर यह एक थी कि मन को छू गइ क्योंकि कवि की और मेरी अनुभूति एक थी। कवि मेरा अपना था।

कवि का नाम है श्री भवानीप्रसाद मिश्र, जि हे प्यार से मित्र भवानी भाइ कहत है। भवानी भाई उन माहित्यकारो म अग्रणी है जो अपने व्यक्तित्व को कही झुकन नही देते। उनकी जस सहज निझर की तरह झरती है वसा ही है उनका व्यक्तित्व। सहज, सरल, सौम्य और स्नहशील। स्वाधीनता सग्राम के सनिक और गाधी नीति मे रच पच वे अयाय का प्रतिकार करन को सदा कटिबद्ध रहत हैं। इसीलिए उनकी उग्रता म ताप नही है। इसलिए स्वाभिमानी होकर भी वे सौम्य है। बागला देश के प्रश्न को लेकर जब उन्होने प्रधान मत्री को सम्बोधित करत हुए कहा था 'इदिरा गाधी तुम गाधी तो नही हो।' तो इस सात्विक आवेश के पीछे अयाय का प्रतिकार करन की भावना थी।

भवानी भाइ की कविता मे नाटकीय तत्त्व प्रधान है। सुनन म इसीलिए अच्छी लगती है। उनका व्यग कचोटता ह तो गुदगुदाता भी है। हम उनके साथ साथ स्रात म जैसे बहते चलत है, पर वह बहना मात्र मनोरजन या आनन्द की अनुभूति ही नही है गहन म डूबना भी है। बिना डूबे चोट शक्ति कहा बनती है। चितन कारगर कहा होता है। आनन्द की अनुभूति तो तभी साथक हाती है। नाटकीय तत्त्व के कारण चमत्कार का भ्रम वहा है पर वह गहन को ग्राह्य बनाने मात्र के लिए है।

उनकी कविता पढता हू तो खो जाता हू। चारा तरफ ही रहस्यमय है वह जैसे सहजगम्य हो जाता है क्योकि उनकी कविता जीवन की कविता है, शौक की नही।

विच्छिन्न करता हू
अपना को जब दूसरा स
ता खिन्न करता हू
अपनो को और दूसरो को
अभिन्न करता हू जब
अपन को सब स
ता फूल खिलाता हू जस
चारा तरफ
दूसरो को करता हू

हरा भरा
कण कण जरा जरा

जो गहर हैं व कहत हैं कि सरलता माहित्य नही है। न हा जीवन ता है। लकिन भवानी भाई महज सरल ही हा सो वात नही। उनम एक एसा तज है जा उनकी प्रतिभा का गनि ही नही दता, उनकी विनम्रता का गौरव भी दता है। वे वडे प्यार मित्र हैं, पर खरे और स्पष्टवादी।

कूटनीति म उनका अपरिचय ही है। जा है वाहर भीतर एक ह। तभी तो उनका व्यग कभी कभी कटु भी लगता है, पर वास्तव म कटु सत्य है। याद आता है—एक वार व घर आए थे। वच्चे उन्ह कवि के रूप मे पहचानत थे। इसलिए उनकी ओर मे कविता सुनन का आग्रह अस्वाभाविक नही था परन्तु भवानी भाइ वोले, 'सुनाऊगा, पर आज नही। आज भोजन किया है। कोई तो ऐसा हो कि ।"

शब्द ठीक ही नही थे। शायद सुनकर वहुता को अच्छा भी न लगा हो। पर दूसर ही क्षण मैं तो गदगद हो गया था कि कोई तो एसा है। इसके और भी अथ लगाए जा सकत है लेकिन मेरी दष्टि म इसके पीछे न तो अभद्रता है और न अभिमान उपक्षा की भावना। महज साहित्यकार की गरिमा की सहज अभिव्यक्ति है।

भवानी भाई गाधी युग के तपस्वी साधक हैं। कमठता और ईमानदारी उनकी शक्ति है। वे प्रतिवद्ध है, अपनी शक्ति के प्रति, अपन व्यक्ति के प्रति और उसी के माध्यमसे विराट मानव के प्रति। उनका भग्न स्वास्थ्य भी उनकी कायक्षमता के माग की वाधा नही बन सकता। हृदय रोग स पीडित होकर भी उनकी साधना की अखण्ड ज्योति जरा भी धूमिल नही हुई।

एक और पुरानी घटना स्मति पटल पर उभर रही है। सुप्रसिद्ध साहित्यकार श्री चतुरसन शास्त्री के घरपर काई उत्सव था। शायद भाई की वटी का विवाह था। अनक मित्र आमन्त्रित होकर आए थे। ऐसे वातावरण मे कुछ वन्धु एक स्थान पर वठे स्नेहपूण व्यगविनाद म व्यस्त हो उठे। उनम मिश्रजी भी थे। शास्त्रीजी ने खान के लिए मिष्ठान भिजवा दिया था। इसलिए अटटहास और भी जीवन्त हो आया। मैं

मिश्रजी के बिलकुल पास बैठा था कि सहसा देखता हू, सज्ञाहीन होकर कटे हुए वृक्ष की तरह वे मेरी गोद म गिर पडे हैं । इस आकस्मिकता स मैं हतप्रभ रह गया। क्षण भर म सभी मित्र घिर आए। किसी तरह उठा करउ हे खाट पर लटाया। इसी सज्ञाहीन अवस्था म उन्हे वमन भी हो गई।

नेटा के विवाह म यह कसी त्रासदी। सभी व्यस्त होकर इधर उधर दौडन लग, लकिन तभी क्या हुआ कि दो मिनट बाद ही मिश्रजी न आखें खाल दी। इधर उधर दखा, तुरत उठ बठे, बोले, 'मैं बिलकुल ठीक हू आप चिता न करें।

और वे वसे ही व्यवहार करने लगे जैसे दौरा पडन म पूव कर रहे थे। समझ गए थे कि क्या हुआ है। इसी एहसास न उन्हे शक्ति दी और उन्होंने कहा, 'टक्सी मगवा दीजिए, मैं घर जाऊगा।'

अकेले घर जाएग ?'

"हा हा, भाई। म बिलकुल ठीक हू।'

पर मित्र नहीं माने। तुरत टक्सी आ गई और उनके मना करने पर भी श्री उदयशकर भट्ट उनके साथ गए।

एक दिन सात्विक स्वाभिमान देखा था, उस दिन साहस देखा। लगा कि यह व्यक्ति कितना विवेकशील है। विवेक के अभाव मे बुद्धि और प्रतिभा दिशाभ्रष्ट हो जाती है और व्यक्ति गर्हित अह की अति का शिकार होकर मनुष्य को मनुष्य से दूर करता है।

पिछले 20 25 वष स उनस परिचित हू। जसा प्रारम्भ म कहा जानने का दावा तो दम्भ है, पर दूर और पास से जितनी भी झलक देख पाया हू, उसके आधार पर इतना ही कह सकता हू कि भवानी भाई म ऐसा कुछ अवश्य है जो उन्हे साधारण से अलग करता है और वह ऐसा कुछ न दम्भ का पर्यायवाची है और न मिथ्याभिमान का। वह है प्रतीक एक गाधी युग के साधक के सात्विक स्वाभिमान और विवेकशील प्रतिभा का।

भवानी भाई की मूर्ति की कल्पना करता हू तो देखता हू कि उनके मुख की सहज सौम्यता पर कभी कभी आग्रह और आवेश की छाया ऐसे छा जाती है जैसे राहू केतु सूयचन्द्र को अपनी छाया मे ग्रस लेते हैं। पर

वह उनका स्थायी भाव नहीं है। उनकी सबसे बड़ी पूजी है उनके नन्न जो एक साथ स्नेह और स्वाभिमान से छलकते है। उनका यह स्वाभिमान ही कभी भाषा के प्रेम के रूप म, कभी देशभक्ति के रूप मे आग्रह और आवेश का भ्रम पैदा कर देता है।

लेकिन गाधी नीति की नींव पर पनपी उनकी तेजस्विता उन्हे सदा सभी प्रकार की अतियो स मुक्त रखती है। इसलिए जहा उन्हे कभी चेतना स घबराहट हाती है वहा उनकी साधना उनके कवि का यह कहने के लिए विवश कर दती है

तकाजा मगर प्राणवत्ता का
रोज अनुक्षण
हवा मे आवाज लगा रहा हू
मरने वाले तत्व
जीवन म नहीं हैं
मगर फिर भी किसी भरोसे के साथ
गोया उन्हे जगा रहा हू

यही 'प्राणवत्ता' कवि की नियति है और भवानी भाइ की भी, जिन्होने नियति का अपनी शक्ति बना लिया है।

# श्री रामधारीसिंह दिनकर

नियति भी कभी कभी तीखा व्यंग्य करती है। 31 मार्च की रात को मद्रास में एक उद्योगपति के घर पर भोज का आयोजन था। मैसूर के गवर्नर श्री मोहनलाल सुखाड़िया और श्री रामनाथ गोयनका आदि अनेक गण्यमान्य व्यक्ति उसमें सम्मिलित हुए थे। अचानक अगले दिन होने वाले कवि सम्मेलन की चर्चा चल पड़ी। गोयनकाजी बोले 'मैं तो दिनकरजी को मानता हूं, आपने उन्हें तो बुलाया ही नहीं।'

किसी को क्या पता था कि दिनकर जी शीघ्र ही मद्रास आएंगे और फिर कभी नहीं लौटेंगे। सचमुच 24 अप्रैल को उनकी आत्मा अचानक ही उनकी पार्थिव देह को छोड़कर अनन्त में विलीन हो गई मात्र शरीर ही पटना पहुंच सका।

उनका जाना आकस्मिक और असामयिक था पर साहित्य के क्षेत्र में उनका उदय सहज भाव से हुआ था। उन्हें वह सब प्राप्त हो चुका था जो किसी साहित्यिक के लिए काम्य हो सकता है। सम्मान, पद कीर्ति और अर्थ सभी ने तो उनका वरण किया था लेकिन फिर भी उनके अन्तर में कहीं दर्द था, एक बेचैनी थी, जिसके सूत्र खोजने का समय सम्भवतः अभी नहीं आया। शायद व्यक्ति दिनकर और साहित्यिक मनीषी दिनकर पूर्णतः एकाकार नहीं हो पाए थे। व्यक्ति की समस्याएं जहां साहित्यिक को प्रेरणा देती थीं वहां आशंकित भी करती थीं।

लेकिन अभी रहने दें उस सूत्र को। अतीत में झांकता हूं तो पाता हूं कि जिन कवियों ने मेरे मन के आसन पर अधिकार जमा लिया था उनमें

'दिनकर' प्रमुख थे। यह भी कैसा विरोधाभास है कि प्रकृति से, नितान्त अहिंसक होते हुए भी मुझे संन्यासियों में सबसे प्रिय थे 'योद्धा संन्यासी विवेकानन्द' और कवियों में औघड़दानी कबीर। फिर निराला ने मुझे आकर्षित किया और उसके बाद आए 'दिनकर'। एक दिन कबीर ने पुकारा था—

कबिरा खड़ा बाजार में लिए लुकाठी हाथ।
जो घर जारे आपना वह आए हमारे साथ॥

'दिनकर' के जिस स्वर ने मुझे आकर्षित किया, वह भी वैसा ही तेजस्वी था—

सिंहासन खाली करो कि जनता आती है।
या फिर
तान तान फण व्याल कि तुझ पर बांसुरी बजाऊं।

गांधीजी की जो मूर्ति मेरे मानस पर अंकित है वह डांडी मार्च की मूर्ति है। एक दुबला पतला परम तेजस्वी मानव हाथ में लकुटिया लिए लम्बे लम्बे डग भरता हुआ, समुद्र की ओर बढ़ रहा है मानों साहस की मूर्तिमान प्रतिमा त्रिलोकी को चुनौती देने चल पड़ी हो। इस सब में शरीर की वीरता कहीं नहीं है मनोबल ही है। यही मनोबल मुझे खींचता रहा। इसी कारण दिनकर मेरे प्रिय हो उठे। वे उन सर्वाधिक सामर्थ्यवान कवियों में थे जिन्होंने जनता के आक्रोश और विद्रोह को स्वर दिया। जनता के ओज को वाणी दी। वे सचमुच नव जागरण के चारण थे। इसीलिए जनता ने प्राण भरकर श्रद्धा उन्हें दी। राष्ट्रकवि का विरुद भी दिया।

गांधी युग में उन्होंने यश की सीमाओं को छुआ पर वे गांधीवादी नहीं थे। गांधी की अहिंसा को वे व्यक्ति के उत्थान तक ही स्वीकार करते थे। 'कुरुक्षेत्र' में ही उन्होंने अपनी इस मान्यता को स्पष्ट कर दिया था।

व्यक्ति का है धर्म तप, करुणा, क्षमा,
व्यक्ति की शोभा विनय भी त्याग भी,

किन्तु उठता प्रश्न जब समुदाय का,
भूलना पडता हमें तप त्याग को।
या
त्याग, तप, करुणा क्षमा से भीग कर,
व्यक्ति का मन तो बली होता मगर,
हिंस्र पशु जब घेर लेते हैं उसे,
काम आता है बलिष्ठ शरीर ही।

उन्होंने स्पष्ट शब्दों में पुकारा—

छीनता हो स्वत्व कोई, और तू
त्याग तप से काम ले यह पाप है
पुण्य है विच्छिन्न कर देना उसे
बढ रहा तेरी तरफ जो हाथ है।

गांधी जी के प्रति पूरी श्रद्धा व्यक्त करते हुए भी परशुराम की प्रतीक्षा तक उनका यही स्वर रहा। अन्याय का प्रतिकार तो गांधी जी भी चाहते थे। पलायन और कायरता के वे परम शत्रु थे पर वे मारने से भी उत्तम साधन मानते थे मरने को और आत्म बलिदान को लेकिन वे यह भी कहते थे कि यदि कोई मर नहीं सकता तो कायर बनने से अच्छा है मारना। उनके लिए ओज और सामर्थ्य का अर्थ हिंसा नहीं था। अहिंसा के बिना ओज और सामर्थ्य उनके लिए व्यर्थ थे।

यह मतभेद बराबर बना रहा। और इसी सीमा तक मैं भी दिनकर को स्वीकार नहीं कर सका। जो व्यक्ति का धर्म हो सकता है वह समुदाय का भी हो सकता है होना चाहिए लेकिन इसके कारण कवि दिनकर के प्रति मेरी भावना में कोई अन्तर नहीं पडा।

लेकिन दिनकर जी मात्र ओज के ही कवि नहीं थे। दूसरे रसों में भी उनकी गति थी। अपने महाकाव्य उर्वशी के द्वारा उन्होंने रसों में श्रेष्ठ रस शृंगार रस का आश्रय लेकर मानव की शाश्वत समस्या को समझने और सुलझाने का भी प्रयास किया। वे कितने सफल रहे इसका निर्णय सदा विवादास्पद रहेगा पर 'ज्ञानपीठ पुरस्कार' के अधिकारी होकर उन्होंने अपना वर्चस्व स्थापित तो कर ही दिया। आज कविता

अनक परिवतना को वहन करती हुई, एक शिष्ट और व्यवस्थित ढाचे को तोडती हुइ बहुत आगे बढ गइ है, उसकी चर्चा करने का मैं अपन को जरा भी अधिकारी नही मानता पर इतना अवश्य कहना चाहूगा कि जहा तक कथ्य भाषा का सम्ब ध है 'दिनकर ने बोलचाल की भाषा का ही कविता की भाषा स्वीकार किया।

'दिनकर मात्र कवि ही नही है चिन्तक भी हैं। साहित्य अकादमी न उनके इसी रूप को स्वीकृति दी है *'सस्कृति के चार अध्याय'* को पुरस्कार प्रदान कर। उसन उन्हें एक प्रमुख गद्य लेखक की सज्ञा दी। भारतीय विचार परम्परा को जनसाधारण के लिए सहज स्वीकाय बनाने की दृष्टि स ही इस ग्रन्थ की रचना की गई है। यह विद्वत्ता का जय घाप करन वाला ग्र थ नही है अपितु भारतीय सस्कृति को समझ सकन की सामथ्य देन वाला स दभ ग्रन्थ अवश्य है। उ होने भूमिका म स्वय कहा है मरा अपना क्षेत्र तो काव्य है एव मेरे साहित्यिक जीवन का यश और अपयश मेरे काव्य पर निभर करता है किन्तु जिस परिश्रम म मैंने यह पुस्तक लिखी है उस परिश्रम म और कुछ नही लिखा इस ग्रन्थ को एक बार दख जाने का अनुरोध मैं सबस करता हू।'

उन्हान काव्य की आलोचना को लेकर भी कई कृतिया का सजन किया। बच्चा क लिए भी सु दर रचनाए दी। वे बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। उनका इस प्रकार असमय मे चले जाना दुखदाई है। विचारक या साहित्यकार की दष्टि से नही बल्कि एक साधारण पाठक की दष्टि स ही मैंन जो अनुभव किया वह लिखा है क्योंकि मैं यह स्वीकार करता हू कि जनता स एकाकार होने वाले विरल लेखको मे स वे एक थे। यही तथ्य उनकी शक्ति थी और यही दुबलता भी। इसी नात वे मुझे अपनी ओर खीचत रहे। इसी नाते मैं उनकी स्मति के प्रति नत मस्तक हू।

## प० इन्द्र विद्यावाचस्पति

प० जवाहरलाल नेहरू न 'मेरी कहानी' म स्वामी श्रद्धान द के लिए लिखा है—"विशुद्ध शारीरिक साहस का, किसी भी अच्छे काम मे शारीरिक तकलीफ सहने और मौत की परवा न करन वाली हिम्मत का मैं हमेशा स प्रशसक रहा हू। मेरा खयाल है कि हम मे से ज्यादातर लोग उस तरह की हिम्मत की तारीफ करते हैं। स्वामी श्रद्धान द म इस निडरता की मात्रा आश्चयजनक थी। लम्बा कद भव्य मूर्ति, स यासी के वेश म बहुत उमर हो जाने पर भी, बिलकुल सीधी चमकती हुई आखें और चेहरे पर कभी कभी दूसरो की कमजोरियो पर आने वाली चिड चिडाहट या गुस्से की छाया का गुजरना—मैं इस सजीव तसवीर को कैस भूल सकता हू। अक्सर वह मेरी आखा के सामने आ जाती है।

इन्द्र जी इन्ही स्वामी श्रद्धान द (पूव नाम महात्मा मुशीराम) के पुत्र थे। उनके सम्ब ध मे बिलकुल वैसा कुछ तो नही कहा जा सकता, लेकिन निश्चय ही वह उसी परम्परा मे अवश्य थे। वह अपन पिता के पुत्र थे। भारतीय स्वतत्रता सग्राम के वह एक ऐसे चरित्र थे जिनक बहुत महान हान की आशा थी, लेकिन कि ही कारणा स वह आशा पूरी नही हो सकी। जसे किसी ने किसी पछी के पर काट लिए हो या सोते समय उस राजकुमारी के बाल काट दिए हो जिसकी सारी शक्ति उन्ही बालो म थी। इन्द्र जी इतिहास के एक दुखा त चरित्र बनकर रह गए, लेकिन फिर भी उनकी विशेषताए साधारण नही हैं। दु ख यही है कि उनका मूल्याकन नही हो पाया।

उनको प्रत्यक्ष देखने से पहले ही मेरे मन मे उनके प्रति श्रद्धा पैदा हो गई थी। आयसमाज के प्रति मेरे प्रेम के कारण नही, इस कारण भी नही कि वह स्वामी श्रद्धानन्द के पुत्र थे, बल्कि इस कारण कि वह निडर और साहसी थे। किसी भी दबाव म आकर वह अपनी राय नही बदल सकते थे। उन्होने उस समय भी राष्ट्रीय महासभा का साथ नही छोडा था जिस समय पजाब केसरी लाला लाजपतराय और स्वय उनके पिता उसके विरोध मे खडे हो गए थे।

मेरी श्रद्धा का एक और कारण भी था। वह लेखक थे और मैं लेखक होना चाहता था। लेखक के प्रति मेरी सहज आस्था थी और वह मात्र लेखक ही नही थे मेरे प्रिय लेखक थे। भाषा आन्दोलन के उत्तेजित क्षणो मे भी वह कभी उग्र नही हुए। वस्तुत वह कभी असतुलित होते ही नही थे। उच्छवास उद्वेग से उन्हे प्रेम नही था। सहज भाव से सहज भाषा मे सतुलित मत व्यक्त करना उनका स्वभाव था। हिन्दी पत्रकारिता के क्षेत्र मे श्रद्धेय बाबूराम विष्णु पराडकर अपन सम्पादकीय लेखो के कारण सुप्रसिद्ध थ। इन्द्र जी उनसे पीछे नही थे। विरोधी के दृष्टिकोण को समझ कर अपनी हार्दिक सहानुभूति देते हुए मत व्यक्त करना केवल इन्द्र जी का ही काम था। बहुत स सुप्रसिद्ध अग्रेजी पत्रो के सम्पादकीयो म भी वह दष्टि प्राय नही मिलती। यही विशषता उन्हे कभी साम्प्रदायिक नही बना सकी। वह कभी निर हिन्दू नही बन सके, मनुष्य ही बन रहे।

और वह केवल पत्रकार ही नही थे, यद्यपि हिन्दी पत्रकारिता की जडें जमान मे उनका योग अभूतपूव रहा है। कितना कुछ उन्होन दिया, कितनी साधना उ होन की इसका सही सही मूल्याकन होना अभी शेष है। उस सबको खतिया कर अभी तक किसी न दखा ही नही है। वह साहित्यिक थे, स्वाधीनता सग्राम के सनानी थे राज-नता थे शिक्षाविद थे और एक प्रसिद्ध आयसमाजी भी थे। कभी कभी उनके य सभी रूप जो परस्पर-विरोधी भी थे। उ ह परेशान कर दते थे। लेकिन वह परेशान होत नही थे, क्योकि उनम जो सम वय वृत्ति थी, दूसरे का समझने का जो दृष्टि-कोण था वह सदा उन्ह ऊपर उठाए रखता था। और यह भी सच है कि

इसी सम वय वत्ति के कारण वह किसी एक क्षेत्र म सर्वोपरि नही हो सके, इसीलिए जबकि उ ह दिल्ली का बेताज बादशाह होना था, वह राज्य-सभा के एक सदस्य बनकर रह गए या गुरुकुल म समय व्यतीत करन को विवश हुए। यह बात नही कि इस क्षेत्र मे उ होने मूल्यवान काय नही किया लेकिन वह इसस कुछ अधिक के लिए थ। और वह अधिक उनके हाथ मे आ आकर रह गया। इसका कारण उनके पारिवारिक जीवन मे खोजा जा सकता है लेकिन कारण की खोज अन व्यथ है। सत्य इतना ही है उनमे कुछ आशाए थी, जो पूरी नही हो सकी।

इ द्र जी साहित्यिक थ। आज जिस तीव्र गति से मूल्य बदल रह है, उसको दखते हुए उनका नाम यदि हम भूल गए है तो इसके लिए किसी को दोष नही दिया जा सकता। लेकिन एक समय था कि जिस प्रकार उनके सम्पादकीय लखो से स्वतत्रता सग्राम के सैनिक अनुप्राणित होत थ, उसी प्रकार उनकी साहित्यिक रचनाओ ने भी अनेक पाठक पदा किए। इतिहासकार के रूप म उनका योगदान कम नही है। बल्कि उप यास-लेखक स अधिक वह एक इतिहासकार क रूप मे याद किए जाएगे। उनक सस्मरण, उनक इतिहास ग्रथ हि दी साहित्य की निधि बनकर रहेंग। इसका भी कारण उनकी वही सम वय और सतुलन वत्ति है। कथा साहित्य मे यह वत्ति इतनी प्रभावशालिनी नही होती जितनी सस्मरण और इतिहास लेखन म। उनकी सहज सरल भाषा, सहज सुगम शली स्पष्ट सुलझे हुए विचार सब मिलाकर एक ऐसा चित्र पाठक के मन पर अकित करत है कि वह उसे कभी भूल नही पाता। और उसका अथ समझने के लिए उस द्राविड प्राणायाम भी नही करना पडता। यह गुण इतिहास का है, कथा साहि य का नही। फिर भी अपन समय मे उनक उप यास अत्य त लोकप्रिय हुए।

याद आता है कि आज से लगभग २५ वष पूव मेरी एक कहानी की समालोचना करत हुए उ होन लिखा था कि यह कहानी इसलिए अधिक रोचक और प्रभावशाली हो सकी है कि इसकी शली ऊबड-खाबड है।

'ऊबड खाबड श द का प्रयोग इस बात का प्रमाण है कि वह उस शली को पसद नही करत थे। वह साफ सपाट शली के समथक थे, लेकिन

यह भी सत्य है कि वह कहानी उन्हें अच्छी लगी थी। और अच्छी लगने का कारण उनकी अपनी शैली में भिन्नता थी। भिन्नता का अर्थ यहाँ नवीनता से लिया जा सकता है। अर्थात जिस वातावरण में वह रम हुए थे उसमें मुक्ति पाने की चाह उनमें थी। यही विकसित होना है। इस दृष्टि में इन्द्रजी सदा नये का स्वागत करने को तैयार रहते थे। इसीलिए उनमें दूसरे का दृष्टिकोण समझने की शक्ति थी। वैसे उस कहानी का अच्छा लगने का एक और भी कारण था। वह था आर्यसमाज का उग्र सुधारवाद। प्रचलित रीति-नीति का घोर विरोध करते हुए उसमें मैंने विधवा के मुक्त प्रेम का समर्थन किया था।

इन्द्र जी की एक और विशेषता जो उन्हें लोकप्रिय बनाती थी, वह थी मुक्त मन से अपने को खोल देने की प्रवृत्ति। मित्रों में बैठकर जब वह बातें करते थे तब सीमाएं उनको बांधती नहीं थीं। सीमा मुक्ति से यहाँ अर्थ उच्छृंखलता नहीं है, अपितु स्पष्टता है। श्री महावीर त्यागी की चर्चा करते हुए वह किस्सों पर किस्से सुनाते चले जाते थे। जिस समय त्यागी जी पहली बार मंत्री बने थे उस समय बहुत से व्यक्ति इन्द्र जी को भी परेशान करते थे। इन्द्र जी त्यागी जी के साढ़ू थे। और जैसा कि इस अभागे देश में नियम बन गया है तब भी कोई काम बिना सिफारिश के नहीं होना था। लेकिन इन्द्र जी ने शायद ही कभी इस काम में रुचि ली हो। एक दिन कहने लगे— जब कोई मेरे पास आता है तब मैं उनको त्यागी जी का वह किस्सा सुना देता हूँ जिसमें उन्होंने अपने किसी नातेदार की एक ऐसे अवसर पर अच्छी तरह खबर ली थी। उन्हें घर से चले जाने तक को कह दिया था। कह देता हूँ कि मुझे अपना मान प्रिय है। मेरे कहने या साथ जाने पर आपका होता हुआ काम भी नहीं होगा।"

हम नहीं जानते कि यह बात कितनी सत्य है, लेकिन त्यागी जी की इस विशेषता के बारे में दूसरे लोगों से भी हम ने ऐसा ही कुछ सुना है। केवल त्यागी जी के विषय में ही नहीं, दूसरे प्रसंगों में भी हमने इन्द्र जी के खरेपन का परिचय पाया। यह खरापन उनमें अन्त तक बना उनकी सहजता का यह एक प्रमुख आधार था, यद्यपि इसके कारण बहुत बार गलत समझा गया। और इसी के कारण बार

असफलताओं का सामना करना पड़ा।

लगभग चालीस वर्ष की अवधि में जब कि मैंने उनका नाम सुना और फिर उन्हें पास से देखा उनकी सारी दुर्बलताओं के बावजूद, एक ऐसे आकर्षण का अनुभव किया जो किसी को अपनी ओर खींचता ही नहीं, प्रशंसा से भरता भी है। वह विद्वान थे, परन्तु उनकी विद्वत्ता आतंकित नहीं करती थी। वह नेता थे परंतु उनका नेतृत्व परेशान करने वाला नहीं था। इसीलिए वह सही अर्थों में न विद्वान बन सके न नेता। वह मात्र एक तेजस्वी पत्रकार, एक सरस साहित्यिक और एक रचनात्मक शिक्षाविद बनकर रह गए। उनकी प्रवृत्तियां इतने क्षेत्रों में बिखर गईं कि वह किसी भी एक क्षेत्र में शिखर तक नहीं पहुंच सके। मनुष्य है तो दुर्बलताएं भी उसमें होती ही हैं। कुछ मनुष्य होते हैं जो इन्हीं दुर्बलताओं को अभूतपूर्व सफलताओं का आधार बना लेते हैं, लेकिन दूसरे प्रकार के वे भी मनुष्य होते हैं, जिनके सिर पर ये दुर्बलताएं चढ़ बैठती हैं। और फिर वे अनजाने अनचाहे उनके शिकंजे में फंसकर रह जाते हैं। इन्द्र जी उन्हीं दूसरे प्रकार के व्यक्तियों में से थे। वह ऐसे राजनीतिज्ञ नहीं थे कि इस शिकंजे को तोड़ सकते इसीलिए वह एक साधारण मनुष्य बनकर रह गए। और एक के बाद एक असफलता उन्हें परेशान करती रही। दुर्भाग्य से आज मनुष्य का मूल्य सफलताओं से आंका जाता है लेकिन वास्तव में आज के संदर्भ में सफलता मनुष्य की नहीं, शैतान की कसौटी है। इस कसौटी को हटाकर जब इन्द्र जी का मूल्यांकन होगा, तब एक ऐसे मानव के दर्शन होंगे जो सफलताओं और असफलताओं से परे सचमुच मानव होता है।

□

## विष्णु प्रभाकर

—विष्णु प्रभाकर हिन्दी के कहानी उपन्यास तथा नाटक के क्षेत्र म विशिष्ट प्रतिभा सम्पन्न रचनाकार के रूप मे प्रतिष्ठित है। हाल ही म प्रसिद्ध बंगला उपन्यासकार शरत चन्द्र की जीवन "आवारा मसीहा" के कृतित्व ने विष्णुजी को भारत के महान जीवनीकार के रूप म प्रस्तुत किया है।

विष्णुजी का जन्म 21 जून, 1912 को मुजफ्फरनगर (उ० प्र०) के एक गाव म हुआ उनका बचपन हिसार (हरियाणा) म गुजरा। वही शिक्षा प्राप्त की और वही आपने सरकारी नौकरी से जिन्दगी की शुरूआत की। नौकरी छोडकर आपने स्वतन्त्र लेखन अपनाया इस बीच कुछ दिन आकाशवाणी मे अधिकारी के रूप मे भी रहे। सम्प्रत्ति स्वतन्त्र लेखन ही आधार है।

### प्रमुख रचनाएँ

आवारा मसीहा, स्वप्न मयी, पुल टूटने से पहले, कोई तो, डॉक्टर, निशिकान्त, युगे युगे क्रान्ति, धरती अब भी घूम रही है, संघर्ष के बाद, प्रकाश और परछाइ, अब और नही, तट के बन्धन, कुछ शब्द कुछ रेखाएँ, निझर दहकती भट्टी, तीसरा आदमी आदि।